

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 13 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-224 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

### जैश-ए-मोहम्मद की 'मैडम सर्जन' पर बड़ा खुलासा

# 'ऑपरेशन हमदर्द' और 'टीम डी' जांच के घेरे में



**नई दिल्ली/लखनऊ/कानपुर,13 नवंबर।** खुफिया एजेंसियों ने जैश-ए-मोहम्मद की टॉप कमांडर डॉ. शाहीन के बारे में अहम जानकारियां उजागर की हैं। सूत्रों के मुताबिक, डॉ. शाहीन को संगठन में 'मैडम सर्जन' का कोडनेम दिया गया था। उसके करीबी साथी और जैश के अन्य आतंकी उन्हें इसी नाम से पुकारते थे। शाहीन लड़कियों के ब्रेन वॉश और संगठन में उनकी भर्ती के काम में लगी हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहीन लड़कियों को कैटिगरी में बांटकर उन्हें दहशतगर्दी की तरफ मोड़ने का काम करती थी।

जैश-ए-मोहम्मद ने 'ऑपरेशन हमदर्द' नाम का खास अभियान चलाया था। इसमें युवा मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं से हमदर्दी दिखाकर उन्हें दहशतगर्दी की तरफ ले जाने की योजना थी। इस ऑपरेशन को तीन हिस्सों में बांटा गया था।

**पहली कैटेगरी:** आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिम लड़कियां और महिलाएं। इन्हें पैसे का लालच देकर दहशतगर्दी के रास्ते पर लाने की साजिश थी।

**दूसरी कैटेगरी:** जो लड़कियां और महिलाएं आम तौर पर बुर्का नहीं पहनतीं और जिनकी ख्वाहिशें बहुत बड़ी होती हैं। इन्हें विदेश ले जाने, बड़े-बड़े ख्वाब दिखाने और ऐशो-आराम की जिंदगी का वादा करने का प्लान था।

**तीसरी कैटेगरी:** विचारों से कट्टरपंथी लड़कियां और महिलाएं, जो आसानी से जिहाद के रास्ते पर आ जातीं।

उत्तर प्रदेश एटीएस ने शाहीन की 'टीम डी' को डिकोड कर लिया है। टीम डी में शाहीन के डॉक्टर साथी शामिल थे। जैश को भेजे संदेशों और चैटबॉक्स में 'टीम डी' का जिक्र मिला है। आतंकियों के बीच बातचीत के लिए कोडवर्ड्स इस्तेमाल होते थे: टीम डी के सभी सदस्यों को अलग-अलग काम सौंपे गए थे। यह टीम जैश के टॉप कमांडर के सीधे संपर्क में थी।

सहारनपुर में भी कई संदिग्धों के अकाउंट्स की जांच हो रही है। शुरुआती जांच से पता चला है कि ग्रुप ने भर्ती और ट्रेनिंग के लिए फंड चैनल करने के लिए कई अकाउंट्स रखे थे। विदेशी फंड ट्रांसफर और संदिग्ध जमा राशि पर फोकस है। एजेंसियां मान रही हैं कि जैश की लीडरशिप ने डॉ. शाहीन और टीम डी को यूपी के कुछ हिस्सों में यह ऑपरेशन चलाने के लिए सीधे ब्रिफ किया था। एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन और कोड लैंग्वेज को क्रैक करने को हाल के महीनों की सबसे बड़ी खुफिया कामयाबी माना जा रहा है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व खुलासे होने की उम्मीद है।

## कश्मीर में 500 ठिकानों पर छापेमारी, 600 हिरासत में

**नई दिल्ली,13 नवंबर।** दिल्ली के लाल किला के पास कार बम धमाके के बाद एजेंसियां हरकत में हैं। इस धमाके का कनेक्शन जम्मू-कश्मीर से जुड़ा है तो वहां तक एजेंसियां अब संदिग्धों की तलाश में हैं। धमाके के बाद से अब तक जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 500 जगहों पर रेड मारी है और 600 लोगों को हिरासत में लिया है। यह छापेमारी जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ हुई है। एजेंसियों का कहना है कि हमें यह इनपुट मिला था कि जमात-ए-इस्लामी फिर से खुद को जम्मू-कश्मीर में खड़ा करने की तैयारी में है। इसके बाद ही यह ऐक्शन लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि श्रीनगर, कुलगाम, पुलवामा, शोपियां, बारामूला समेत कई जिलों में छापेमारी की गई है। इस बीच डॉक्टर मॉड्यूल पर भी ऐक्शन हुआ है। तीन सरकारी कर्मचारियों समेत करीब 10 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ताओं ने रात भर की छापेमारी के दौरान अनंतनाग, पुलवामा और कुलगाम जिलों से संदिग्धों को हिरासत में लिया। दिल्ली में सोमवार को लाल किला के पास हुए विस्फोट के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने घाटी में आतंकी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। लाल किला के पास हुए विस्फोट में अब तक कुल 13 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों से पूछताछ में पता चला है कि उनमें से कुछ पिछले एक साल में तुर्किये भी गए थे। विस्फोटकों के भारी जखीरे की बरामदगी के सिलसिले में डॉक्टरों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि जांचकर्ताओं ने अब तक 'सफेदपोश आतंकी' मॉड्यूल के सिलसिले में 200 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। इस मॉड्यूल का खुलासा आतंकवादियों के दो गुर्गों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर किया गया, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में ही 200 ठिकानों पर और श्रीनगर में 150 ठिकानों पर छापेमारी की गई है।



बारामूला के सोपोर में पुलिस ने 30 ठिकानों पर छापेमारी की है। एजेंसियों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से अतिवाद बढ़ाने के लिए जमात-ए-इस्लामी ऐक्टिव है।




**बीजापुर,13 नवंबर।** नेशनल पार्क ओनताड़ी पहाड़ी में बुधवार को सुरक्षाबल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. इसमें मारे गए माओवादियों का शव सुरक्षाबल के जवान कंधे पर लादकर बीजापुर जिला मुख्यालय पहुंचे. पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है.

## पैरों से चित्र उकेरने वाली पूनम विशेष विद्यालय में पढ़ेगी,पाएगी छात्रवृत्ति

**मुख्यमंत्री जनदर्शन**

**रायपुर,13 नवंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जनदर्शन में दूर-दूर से मुख्यमंत्री निवास पहुंच रहे लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान भी कर रहे हैं. ऐसा ही वाकया रायपुर में रहने वाली सेरेब्रल पाल्सी की शिकार पूनम के साथ हुआ, जिसे पढ़ाई के लिए विशेष विद्यालय में भर्ती कराने और छात्रवृत्ति प्रदान करने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए. वहीं दिव्यांग रग्बी खिलाड़ी पिंटू राम साहू को 90 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की. आज जनदर्शन की शुरुआत में ही मुख्यमंत्री ने रायपुर के तेलीबांधा की रहने वाली 11 वर्षीय बिटिया पूनम से भेंट की. बिटिया पूनम की माता ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि वह सेरेब्रल पाल्सी से जूझ रही है, और बातचीत करने में भी असमर्थ है. उन्होंने बताया कि इस चुनौती के बावजूद पूनम अपने पैरों से बहुत सुंदर चित्र बनाती है. मुख्यमंत्री ने अत्यंत आत्मीयता से बिटिया पूनम से बात की और उसे स्नेहपूर्वक दुलार किया. इसके साथ पूनम की माता को आश्वस्त करते हुए कहा कि "हम आपके साथ हैं, आपको बिटिया के लिए किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है." इसके साथ ही उन्होंने पूनम की पढ़ाई के लिए विशेष विद्यालय में भर्ती कराने के साथ-साथ छात्रवृत्ति प्रदान करने के निर्देश दिए.

**दिव्यांग रग्बी खिलाड़ी को मिला आर्थिक अनुदान-** जनदर्शन कार्यक्रम में अभनपुर से आए दिव्यांग रग्बी खिलाड़ी पिंटू राम साहू की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्वरित निर्णय लेते हुए 90 हजार रुपए का आर्थिक अनुदान स्वीकृत किया. पिंटू राम ने व्हीलचेयर और आवश्यक खेल सामग्री खरीदने हेतु सहायता मांगी थी. उनकी परिस्थितियों और आवश्यकता को समझते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें तत्काल चेक प्रदान कर उनकी सहायता की.



छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी 55 वर्षीय श्री अंकुश देवांगन ने अपनी अनूठी कला से एक बार फिर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। आज जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को एक विशेष फ्रेम भेंट किया, जिसमें संगमरमर को बारीकी से तराशकर बनाई.

## ठगने और लूटने वाली पार्टी है कांग्रेस: साव

**रायपुर,13 नवंबर**

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होने वाली है. लेकिन इसकी शुरुआत से पहले ही विपक्ष और सरकार के बीच सियासत तेज हो गई है. डिप्टी सीएम अरुण साव ने आज मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल के दावों को खारिज करते हुए जमकर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि "ठगने और लूटने वाली पार्टी कांग्रेस है. हमारी सरकार किसान हितैषी है और सभी वादों को पूरा कर रही है.



बता दें, पूर्व सीएम बघेल ने धान खरीदी को लेकर दावा किया है कि धरातल पर धान खरीदी की कोई तैयारी नहीं है. इधर एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन की दिक्कतों से पंजीयन के लिए 7 लाख किसान परेशान हैं. पंजीयन के लक्ष्य से ही समझ आ रहा है कि सरकार ही नहीं चाहती कि पूरे किसान धान बेचें, इसलिए पेचीदगियां पैदा की गई हैं.डिप्टी सीएम अरुण साव ने पूर्व सीएम बघेल के इस बयान का पलटवार करते हुए कहा कि "कांग्रेस ने बोनस देने का वादा किया था, लेकिन उसे 5 साल तक निभाया नहीं. किस्तों में पैसा दिया और चौथी किस्त में कटौती कर पैसा खा गई." उन्होंने आगे कहा कि धान खरीदी निर्धारित तिथि पर सुचारू रूप से शुरू होगी, किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी.भाजपा प्रदेश कार्यालय में बीती रात मंत्रियों की एक अहम बैठक बुलाई गई. बैठक को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यक्रम लगातार जारी हैं और कार्यकर्ताओं व नेताओं का कार्यालय आना-जाना नियमित रूप से चलता रहता है.

**SIR पर कांग्रेस की निगरानी को लेकर कसा तंज-**इस बीच, एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आज कांग्रेस की निगरानी समिति की बैठक प्रस्तावित है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अरुण साव ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी को न संविधान पर भरोसा है, न संवैधानिक संस्थाओं पर. उनका भरोसा सिर्फ एक परिवार और उसके आदेशों पर है. एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, पहले भी होती रही है. कांग्रेस अपने ही जनाधार पर सवाल उठा रही है."उन्होंने आगे कहा- "कांग्रेस अब वोट चोरी, मतदाता सूची और ईवीएम में गड़बड़ी जैसे मुद्दे उठाकर जनता को गुमराह कर रही है. कांग्रेस अब जनता से कट चुकी है.

## बिहार के नतीजे 14 नवंबर को

**पटना,13 नवंबर।** बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में पूरे हो गए हैं। पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को संपन्न हुआ। अब 14 नवंबर को मतगणना होगी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों का इंतजार खत्म होने वाला है। शुक्रवार सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी, जिसके बाद शुरुआती रुझान सामने आने लगेंगे। पूरे राज्य में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। वहीं, मंगलवार को मतदान संपन्न होने के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बड़ी जीत का अनुमान लगाया गया है।

## बिलासपुर में प्रार्थना सभा के बहाने चल रहा था धर्मांतरण

**बिलासपुर,13 नवंबर।** बिलासपुर में धर्मांतरण को लेकर फिर हंगामा मचा है. प्रार्थना सभा की आड़ में चल रहे धर्मांतरण के खेल का हिंदू संगठनों ने बुधवार रात भंडाफोड़ किया. पुलिस ने केस दर्ज कर प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले एसईसीएल कर्मचारी को हिरासत में ले लिया है. दरअसल, हिंदू संगठनों को सूचना मिली कि सरकंडा क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी के एक घर में प्रार्थना सभा के आड़ में लोगों को कनवर्ट करने का प्रयास किया जा रहा है. पुलिस को सूचना देते हुए हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे. यहां एसईसीएल कर्मचारी राजेंद्र खरे के मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी, जिसमें हिन्दू समाज के लोग मौजूद थे.आरोप है कि सभा में हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ भ्रामक जानकारी देते हुए मौजूद लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था. वहीं मौके से ईसाई धर्म की किताबें व अन्य प्रचार सामग्रियां भी मिली हैं. हिन्दू संगठनों ने प्रार्थना सभा का विरोध करते हुए मकान के बाहर जमकर नारेबाजी की. जिसके बाद मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई.हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना था वे बिलासपुर में बिल्कुल भी धर्मांतरण के खेल को बर्दाश्त नहीं करेंगे. जहां से भी इसकी जानकारी मिलेगी, वहां जाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा. पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर एसईसीएल कर्मचारी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है.



# सऊदी अरब के ऐलान से मचा पाकिस्तान में बवाल

**नई दिल्ली,13 नवंबर।** संकट में जो साथ दे वही असली अपना यार होता है और आज यही बात भारत के साथ साबित कर दी है सऊदी अरब ने। जी हां, दिल्ली में लाल किले के पास हुआ धमाका जिसने पूरे देश को दहला दिया। लेकिन उसके बाद जो भूचाल आया वो सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं रहा। वो इस बार पहुंचा है इस्लामाबाद और रियाद तक। दिल्ली की शाम जब लाल किले के पास अचानक तेज धमाका हुआ। हर तरफ अफरातफरी मच गई। धुआं, सायरन और लोगों की चीखें। एक बार फिर आतंकी परछाई दिल्ली पर उतर आई। शुरुआती जांच में जो निकल कर सामने आया वो और भी खतरनाक था। जांच एजेंसियों को शक है कि इस धमाके के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है। यानी वो आतंकी संगठन जो पाकिस्तान की जमीन पर पलता है, पाकिस्तान की जमीन पर चलता है और भारत के दुश्मनों की पनाह में पलता है। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती है क्योंकि इस धमाके के बाद दुनिया के कई मुस्लिम देश ने भारत के प्रति अपना समर्थन जता दिया। कतर, मालदीव, मलेशिया, यूएई, ईरान सब ने एक सुर में कहा हम भारत के साथ हैं।

लेकिन सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब सऊदी अरब ने भी दिल्ली धमाके की कड़ी निंदा कर दी और भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त कर दी। अब जरा सोचिए, वही सऊदी अरब जिसे पाकिस्तान अपना बड़ा भाई कहता है, वही सऊदी अरब जिसके साथ पाकिस्तान ने रक्षा समझौता कर रखा है, उसने भारत के साथ खड़ा होने का ऐलान कर दिया। मगर यहां पर सबसे दिलचस्प बात यह है कि सऊदी अरब ने दिल्ली में हुए धमाकों पर तो बयान जारी कर दिया, लेकिन दिल्ली धमाके के बाद एक धमाका पाकिस्तान के इस्लामाबाद में भी हुआ था। मगर उस धमाके पर सऊदी अरब ने कोई बयान जारी नहीं किया। हैरानी की बात देखिए कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच तो एक ऐतिहासिक डिफेंस डील तक हो चुकी है लेकिन फिर भी सऊदी अरब इस्लामाबाद में हुए धमाके पर बयान देने से बच रहा है। हो सकता है कि आगे चलकर दबाव में सऊदी अरब पाकिस्तान के धमाके पर बयान दे भी दे लेकिन तब उसकी कोई कीमत नहीं रहेगी। सऊदी अरब ने डील भले ही पाकिस्तान के साथ की हो, लेकिन वो पूरा समर्थन भारत को दे रहा है। सऊदी अरब दिल्ली धमाके की कड़ी निंदा कर रहा है। मजे की बात देखिए कि दिल्ली पर सऊदी अरब के बयान को देखकर पाकिस्तान इतना बौखला गया कि उसने यह सोचते हुए इस्लामाबाद धमाके का आरोप भारत पर लगा दिया कि कम से कम अब तो सऊदी अरब हमारे लिए कोई बयान जारी कर दे। लेकिन इसके बावजूद सऊदी अरब ने पाकिस्तान के लिए कोई बयान जारी नहीं किया। सऊदी अरब भी जानता है कि पाकिस्तान से दोस्ती अपने फायदे तक ही सीमित रहनी चाहिए।पाकिस्तान के सबसे बड़े डिफेंस पार्टनर सऊदी अरब ने कोई बयान नहीं दिया। यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को उसकी असली हैसियत और औकात दिखा दी है। सऊदी अरब के लिए आज भी पाकिस्तान कन्वर्टेड मुस्लिमों का एक देश है। बहरहाल अब असली मजा तब आएगा जब भारत असल में पाकिस्तान से बदला लेगा। पीएम मोदी पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जबरदस्त तरीके से जांच शुरू हो चुकी है। हमले के पीछे जो भी होगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा।



## संक्षेप

### फल गोदाम में आग

**बिलासपुर,13 नवंबर।** न्यायधानी बिलासपुर के बृहस्पति बाजार सब्जी मार्केट स्थित एक फल गोदाम में बीती रात अचानक भीषण आग लग गई. आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### क्रमोन्नत वेतनमान का मामला,हाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**बिलासपुर,13नवंबर।** क्रमोन्नत वेतनमान की मांग करते हुए एक हजार से अधिक शिक्षकों ने बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाओं की संख्या को देखते हुए इस मामले में हाई कोर्ट में प्रतिदिन सुनवाई हो रही थी।हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के इतिहास में यह दूसरी बार है जब इतनी बड़ी संख्या में एक ही मुद्दे को लेकर याचिका दायर की गई है। इससे पहले चिटफंड कंपनियों के खिलाफ निवेशकों व एजेंटों ने हाई कोर्ट में बड़ी संख्या में याचिका दायर की थी। तकरीबन 20 हजार शपथ पत्र दायर किए गए थे। बहरहाल क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर दायर शिक्षकों की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। शिक्षिका सोना साहू को क्रमोन्नत वेतनमान देने का हाई कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षा जगत में हलचल सी मच गई थी। सोना साहू की याचिका पर हाई कोर्ट के फैसले को आधार बनाकर एक हजार से अधिक शिक्षकों ने क्रमोन्नत वेतनमान की मांग करते हुए याचिका दायर की है।

### किसान परिवार को बंधक बनाकर लाखों की डकैती

**कोरबा,13 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक किसान परिवार के साथ फ़िल्मी अंदाज में बंधक बनाकर लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि देर रात हथियारबंद नकाबपोश 20 युवकों ने कट्टा-चाकू की नोंक में परिवार के 11 सदस्यों को बंधक बना लिया और घर में रखे 1.80 लाख नकद और करीब 5 लाख रूपये के जेवरात लूट कर फरार हो गये। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, ये पूरी वारदात बालको थाना क्षेत्र का है। ग्राम ग्राम पंचायत सोनगुड़ा के ग्राम तराईडांड में शत्रुध्न दास खेती-किसानी के साथ ही घर पर राशन दुकान का संचालन करते है।

### भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**रायपुर,13 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जाँच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की कुल 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है. इस तरह मामले में वर्तमान कुर्की को मिलाकर अब तक कुल 276.20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने 10 नवंबर को चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है. उसमें 59.96 करोड़ रुपये मूल्य की 364 आवासीय भूखंड और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियों के अलावा 1.24 करोड़ रुपए बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में चल संपत्तियां शामिल है. ईडी ने छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले में आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की.

## एक नजर

### गबन मामले में एक और गिरफ्तार



**भिलाई, 13 नवंबर।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र के 85 लाख रुपए के गबन मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में कुल 9 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है पुलिस ने आरोपी हरीश पोया निवासी चिनौरी थाना चरामा जिला कांकेर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है पुलगांव प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा दुर्ग द्वारा पुलगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि हिरन बाई साहू निवासी चंदखुरी सहित अन्य 239 ग्राहकों से इसाफ बैंक के लोन के रूप में संपूर्ण धनराशि लगभग 85 लाख रुपए ले ली गई थी परंतु उस रकम को बैंक में कर्मियों द्वारा जमा नही की गई थी इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए 9 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### युवक चेन छीनकर भाग गया

**भिलाई, 13 नवंबर।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 कुम्हारी निवासी शांतिलाल जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अनाज का व्यापार करता है वह अपने घर पर था उसकी मां धापू देवी घर के सामने हैंडपंप से पानी भर रही थी एनएच 53 रोड से अज्ञात स्कूटी चालक गली में मां को देखकर उसके पास पहुंचा और अपनी स्कूटी को थोड़ी दूर में खड़ी कर पैदल मां के गले में पहने चेन को खींचने लगा इससे उसकी मां जमीन में नीचे गिर गयी मां के गले में पहने सोने की चेन को गले से झपटकर वह भाग गया गिरने से मां को बांये हाथ में चोट और चेन खींचने से गले में खरोंच के निशान आये हैं रिपोर्ट पर कुम्हारी थाने पुलिस ने धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**भिलाई, 13 नवंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के एक कंपनी में कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई इसके बाद कंपनी प्रबंधन तत्काल उसे भिलाई के एक निजी अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया इधर कंपनी प्रबंधन ने परिजनों को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि छावनी इलाके के पटेल पारा का रहने वाला नवल पटेल (25 साल) पिछले 1 वर्ष से स्वास्तिक इंजीनियरिंग वर्क्स में काम कर रहा था घटना के दिन भी वह सुबह काम कर रहा था इसी दौरान क्रेन बिजली तार के चपेट में आ गया और इस हादसे में नवल गंभीर रुप से घायल हो गया घटना के बाद उसे कंपनी प्रबंधन व वहां काम करने वाले मजदूरों ने तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई उसके शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी लाया गया जामुल थाने पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया इधर परिजनों के विरोध के बाद कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

### सट्टापट्टी लिखने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 13 नवंबर।** भिलाई सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर -5 क्रास स्ट्रीट 4 मंच के पास युवकों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टापट्टी लिख रहे थे पुलिस ने दबिश देकर जुनवानी खम्हरिया रोड स्मृति नगर निवासी घनश्याम सोलंकी, सेक्टर -4 सड़क -21 ब्लॉक 08/बी भिलाई मनोज मेश्राम, शांति नगर सड़क -6 संजय सेनापति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सटोरियो के पास से पुलिस ने 7 हजार 3 सौ रुपए, तीन मोबाईल, सट्टापट्टी, नीले स्याही का डाट पेन जब्त किया है सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत जुर्म दर्ज किया।







### सेक्टर-10 स्थित बीएसपी क्रिकेट मैदान में आयोजित

# क्रिकेट चैंपियनशिप में बीएसपी सेमीफाइनल में, भद्रावती और सेलम ने भी दर्ज की जीत



**भिलाई, 13 नवंबर।** सेल- इंटर प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग (एससीएंडसीए) द्वारा आयोजित सेल इंटर प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप का 12 नवम्बर बुधवार का दिन बेहद रोमांचक रहा, जहाँ भिलाई इस्पात संयंत्र ने जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि सेल-भद्रावती (वीआईएसएल) और सेल-सेलम (एसएसपी) ने भी अपने-अपने मैचों में प्रभावशाली जीत दर्ज की। सेक्टर-10 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में, घरेलू टीम भिलाई इस्पात संयंत्र ने असाधारण ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए सेल-दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) को 99 रनों से हराकर अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। कप्तान अनिल सिंह के नेतृत्व और कोच राजा बनर्जी के प्रशिक्षण में, बीएसपी टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 208 रन का स्कोर बनाया। सुदीप सिंह ने 77 रनों की मैच विजयी पारी खेली, जबकि आर. वेंकटेश ने 37 रन, के. राजगोपालन ने 30 रन और सुवेंदु ने 18 रन जोड़े। वीरेंद्र (15), अर्जुन त्यागी (नाबाद 12) और मधु इक्का (नाबाद 6) ने सहायक पारियां खेलीं। दुर्गापुर की ओर से भास्कर ने तीन और विकास ने दो विकेट लिए। जवाब में दुर्गापुर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 109 रन पर ही सिमट गई। बिस्वजीत राय ने 26 रन बनाए और अमित 25 रन बनाकर नाबाद रहे। बीएसपी की गेंदबाजी बेहद प्रभावशाली रही, सुरेश सोनपिपारे ने चार विकेट लिए वहीं अर्जुन त्यागी ने एक-एक विकेट लेकर मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। इस बीच, सेक्टर-1 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड पर सेल-भद्रावती स्टील प्लांट (वीआईएसएल) ने रोचक मुकाबले में सेल-कॉर्पोरेट ऑफिस की टीम को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, कॉर्पोरेट ऑफिस की टीम 78 रन पर आउट हो गई। टीम के कप्तान सचिदानंद ने 17 रन बनाए, जबकि प्रशांत ने 13 रन जोड़े। भद्रावती की ओर से गेंदबाज योगेश और अनिल कुमार बेहद प्रभावी साबित हुए। उन्होंने तीन-तीन विकेट लिए और अनुशासित गेंदबाजी से कॉर्पोरेट ऑफिस की बल्लेबाजी को गिरा दिया। जवाब में, भद्रावती ने आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 7.2 ओवर में 4 विकेट पर 79 रन बना लिए। श्रीनिवास ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि कप्तान राघवेंद्र ने 14 रन जोड़कर जीत सुनिश्चित की। कॉर्पोरेट ऑफिस की ओर से प्रतीक ने दो विकेट लिए। सेक्टर-10 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए एक अन्य मैच में सेल-सेलम स्टील प्लांट ने सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट (एसआरयू) को 70 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, सेलम ने 3 विकेट पर 204 रन बनाए। प्रदीप कुमार ने 84 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें ए. सेल्वा कुमार ने 61 रनों का अच्छा साथ दिया। एसआरयू के लिए गेंदबाज विशाल अग्रवाल और दीपक चौधरी ने एक-एक विकेट लिया, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, एसआरयू 6 विकेट पर 134 रन ही बना सकी। लोकेश पात्रे 48 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि विशाल अग्रवाल ने 24 रन जोड़े। सेलम के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व कप्तान एस. निवास और सुरेश कुमार ने किया, दोनों ने दो-दो विकेट लेकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। 12 नवंबर को हुए मैचों में अंपायर संतोष सोनी, राणा प्रताप सिंह, हरप्रीत सिंह, कुशल वर्मा और अशोक रिगरी ने अंपायरिंग की, जबकि स्कोरिंग का दायित्व संतोष ठाकुर, विनोद देवघरे, आकाश गुप्ता और आयुष ठाकुर ने संभाला।

### सेक्टर-9 हॉस्पिटल ने आश्रितों का विवरण अपडेट करने का किया आग्रह

**भिलाई, 13 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के अंतर्गत डिजिटल परिवर्तन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कर्मचारियों एवं पूर्व कर्मचारियों के सभी आश्रितों के फ़ोन नंबर अपडेट करने का विशेष अभियान आरंभ किया गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जारी एक पत्र के माध्यम से कर्मचारियों एवं पूर्व कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने आश्रितों के फोन नंबर का विवरण एच.एम.आई.एस. रिकॉर्ड के साथ अपडेट कर लें ताकि अस्पताल सेवाओं का डिजिटल एकीकरण सहज रूप से हो सके। यह प्रक्रिया ओ.पी.डी. पंजीकरण डेस्क, ई.एच.एस. हेल्प डेस्क, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9, भिलाई में उपलब्ध सुविधा के माध्यम से सरलता से पूरी की जा सकती है। अस्पताल प्रशासन ने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों से यह भी आग्रह किया है कि वे गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध बीएसपी स्वास्थ्य मित्र मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कर इसका उपयोग करें।



## परमेश्वरी रत्न सम्मान से मूर्तिकार अंकुश देवांगन अलंकृत

**भिलाई, 13 नवंबर।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन को समाज द्वारा प्रथम 'परमेश्वरी रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें मूर्तिकला और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए समाज अध्यक्ष घनश्याम देवांगन और सचिव विनोद देवांगन के हाथों प्रदान किया गया। डॉ. देवांगन ने भिलाई, रायपुर, दल्लीराजहरा सहित देश के विभिन्न स्थलों पर अपनी कालजयी मूर्तियां स्थापित की हैं। उनकी कृतियों में भिलाई का कृष्ण-अर्जुन रथ, श्रमवीर चौक और दल्ली राजहरा का विश्व का सबसे बड़ा लौह रथ प्रमुख हैं। उन्होंने सूक्ष्म शिल्पकला में भी नाम कमाया है। उनकी बनाई दुनिया की सबसे छोटी गणेश प्रतिमा, जो सरसों के दाने से भी छोटी है, गिनीज बुक कार्यालय लंदन में दर्ज है। डॉ. देवांगन छत्तीसगढ़ के पहले कलाकार हैं जो ललित कला अकादमी के कार्यकारी बोर्ड सदस्य बने हैं।

## बिहार विधानसभा चुनाव: कांग्रेस ने महागठबंधन और बीजेपी ने एनडीए की जीत का किया दावा



**कवर्धा, 13 नवंबर।** बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम 14 नवंबर को आयेंगे और पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेन्द्र वर्मा, अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी कबीरधाम जिला अध्यक्ष राजेन्द्र मारकंडे जिला ने दावा की मतदाताओं ने रोजगार के मुद्दे पर मतदान किया है इसीलिए महागठबंधन जीतेगी और नीतीश की विदाई होगी। पूर्व कवर्धा विधायक और वर्तमान प्रदेश ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, बोडला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने कहा की महागठबंधन की हार तय है ओर बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के दिन एन डी ए प्रचंड मतों से आयेगी क्योंकि बिहार में सुशासन और विकास पर मतदान किया है। चुनाव परिणाम ही तय करेगा की कांग्रेस या बीजेपी में किसके दावे पर मुहर लगती है।



## सभी घरों में फार्म बांटे जा रहे :बीएलओ

**उतई, 13 नवंबर।** मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण ,एस आई आर विस्तृत जानकारी ली गई दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत उतई के बूथ क्रमांक 164 एवं 65 में बी एल ओ ने बताया कि अभी सभी घरों में फार्म बाटे जा रहे हैं फिर फार्म को एकत्रित किया जाएगा संबंधित मतदाता अपना फार्म भरकर एक प्रति अपने पास रखेंगे एक प्रति बी एल ओ के पास रहेगा। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आग्रह सहित निर्देशित किया कि नाम जोड़ने या नाम काटने की स्थिति में कम से कम एक बार कांग्रेस पार्टी के अधिकृत बी एल ए को सूचित कर ही नाम जोड़ा या काटा जाए इस दौरान एस आई आर के दुर्ग ग्रामीण प्रभारी प्रहलाद वर्मा बी एल ए भावेश साहू, शैलेश देवांगन ,मुकेश साहू, सुरता सिंह गड़े ,नेता प्रतिपक्ष एवं बी एल ए द्वारिका साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फुलेश्वरी देवांगन पुष्पा ठाकुर नगरवासी एवं नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेयजल समस्या से निजात दिलाने पानी टंकी का निर्माण शीघ्र पूर्ण हो: आयुक्त



**भिलाई, 13 नवंबर।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-3, मदर टेरेसा नगर अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, सुलभ शौचालय, शासकीय हाई स्कूल, बाल विद्यालय तथा सर्कुलर मार्केट स्थित प्रस्तावित शौचालय निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ पार्षद विनोद चेलक भी उपस्थित थे। आयुक्त ने पावर हाउस फल मंडी के समीप निर्माणाधीन ओवरहेड पानी टंकी का अवलोकन करते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को लंबे समय से पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस टंकी के निर्माण पूर्ण होने से आसपास के कई परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त पाण्डेय ने वार्ड क्रमांक-36, महात्मा गांधी नगर स्थित सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय परिसर एवं आस-पास की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने कैंप-02 शासकीय हाई स्कूल में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किया और एजेंसी को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीप स्थित बाल विद्यालय की सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट क्षेत्र में पुराने भवन को हटाकर नवीन शौचालय निर्माण का प्रस्ताव है। आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन तथा सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन उपस्थित रहे।

## भिलाई में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शक्ति प्रतियोगिता 14 नवंबर से

**भिलाई, 13 नवंबर।** पावर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य की अब तक की सबसे बड़ी शक्ति प्रतियोगिता पावर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ़ छत्तीसगढ़ का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक पॉवर जिम, सेक्टर-6 में किया जा रहा है। इस आयोजन में तीन प्रमुख खेल पंजा कुश्ती, पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग एक ही मंच पर एक साथ आयोजित किए जाएंगे, जो छत्तीसगढ़ राज्य के खेल इतिहास में पहली बार होने जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 500 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिताएँ पुरुष एवं महिला वर्ग के विभिन्न भार समूहों में संपन्न होंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को नगद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को इंदौर, गोवा एवं दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। आर्म रेस्लिंग में ÷चैंपियन ऑफ़ चैंपियंस÷ को विशेष नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पावर लिफ्टिंग (स्क्वाट, बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट) में बेस्ट लिफ्टर को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बॉडी बिल्डिंग, मेंस फिजिक एवं दिव्यांग वर्ग के विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 14 नवंबर, पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 14 नवंबर, बॉडी बिल्डिंग एवं बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता 16 नवंबर तक। छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग महासचिव कृष्णा साहू तथा पंजा कुश्ती एसोसिएशन के महासचिव श्रीकांत ने बताया कि तीन दिवसीय इस राज्य स्तरीय खेल महोत्सव में प्रदेशभर के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर, यूथ, ओपन तथा मास्टर वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## पीएम आवास की लॉटरी से 10 हितग्राही हुए लाभान्वित



**भिलाई, 13 नवंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु खुली लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस लॉटरी में कुल 10 हितग्राहियों को आवास आबंटित किए गए। कार्यक्रम में सभापति गिरवर (बंटी) साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, जोन-2 अध्यक्ष रामानंद मोर्या तथा अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित इस खुली लॉटरी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एचपी, मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवास शामिल थे। योजना के तहत कुल 1669 आवास निर्मित किए जा रहे हैं, जिनमें से अब तक 1032 आवास हितग्राहियों को आबंटित किए जा चुके हैं। शेष 637 रिक्त आवासों का आबंटन चरणबद्ध रूप से लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र हितग्राहियों को शामिल किया गया। चयनित हितग्राहियों को वंदे मातरम (कुरूद भिलाई) एवं सूर्या विहार के पीछे, खम्हरिया क्षेत्र स्थित मकान आवंटित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी सदस्य किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, जी. मोहन राव, महेत्तर सोनी एवं जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### मनरेगा ग्रामीण परिवारों को रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर

**दुर्ग 13 नवम्बर।** ग्राम पंचायत रौंदा, जनपद पंचायत धमधा के निवासी श्री हिरेंद्र वर्मा पहले अपने मवेशियों को एक अस्थायी छप्पर में रखते थे। बरसात और गर्मी में पशुओं की देखभाल में काफी कठिनाइयाँ आती थीं, जिससे दुग्ध उत्पादन भी सीमित रह जाता था। लेकिन जब उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पक्का पशु शेड निर्माण हेतु आवेदन किया, तो यह उनके जीवन का नया अध्याय साबित हुआ।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए गणना पत्रक वितरण जारी

**भिलाई, 13 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष सघन पुनरीक्षण कार्य भिलाई नगर निगम क्षेत्र में जारी है। इसके अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर (बी.एल.ओ.) द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गणना प्रपत्र बी.एल.ओ. के पास जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि तक गणना प्रपत्र जमा नहीं करने पर संबंधित मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाया जा सकता है। ऐसे में मतदाता को दावा/आपत्ति दर्ज करने या पुनः नाम जुड़वाने हेतु नया आवेदन प्रस्तुत करना पड़ सकता है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लें एवं अपने बी.एल.ओ. को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। यदि गणना प्रपत्र भरने में कोई कठिनाई हो, तो संबंधित बी.एल.ओ., जोन कार्यालय स्थित हेल्प डेस्क, या टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। गणना प्रपत्र में बी.एल.ओ. का मोबाइल नंबर अंकित है। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ तैयार रखें और समय पर प्रपत्र भरकर बी.एल.ओ. को सौंपें।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही,सफाई कामगार निलंबित

**भिलाई, 13 नवंबर।** निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर सफाई कामगार अनिल कुमार सौदागर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जोन आयुक्त द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, अनिल कुमार सौदागर को निर्वाचन नामावली के गणना पत्रक वितरण कार्य हेतु बी.एल.ओ. के सहयोगी के रूप में नियुक्त किया गया था। किन्तु 11 नवंबर को दोपहर 2ः50 बजे तक वे कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हुए। रिपोर्ट में उल्लेख है कि उन्होंने निर्वाचन संबंधी सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्य में सहयोग नहीं किया, बल्कि कार्यालयीन समय में मद्यपान कर अनुशासनहीन आचरण करते हुए उच्च अधिकारियों से अशोभनीय व्यवहार किया। उनके इस कृत्य के कारण गणना पत्रक वितरण कार्य में विलंब हुआ। यह आचरण सरकारी कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का परिचायक माना गया है, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन है। इन आरोपों के मद्देनजर, अनिल कुमार सौदागर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा तथा उनका मुख्यालय जोन-3, मदर टेरेसा नगर निर्धारित किया गया है।

# खेती में परंपरागत की जगह अब आधुनिक साधनों से की जा रही मिंजाई







**उतई, 13 नवंबर।** छत्तीसगढ में आधुनिक खेती और समितियों के द्वारा धान खरीदी से किसान आर्थिक रुप से संबल हो रहे है।साथ ही आधुनिक खेती करने से जहाँ पुराने खेती के साधन विलुप्त हो रहे है लेकिन आधुनिक खेती के संसाधनों का उपयोग करने से उत्पादन लागत में कमी आने से खेती करने वाले किसान आर्थिक रुप से मजबूत होने लगे है। और अब खेती के लिए विभिन्न सुविधाओं जैसे ट्युब वेल सोलर ट्युब वेल अपनाने लगे है।पाटन क्षेत्र के लोग राजनीतिक क्षेत्र व पढाई लिखाई की दृष्टि से पहले से ही अत्यंत जागरुक है। लेकिन अब यहां के किसानों ने भी जागरुकता दिखाकर मिशाल कायम किया है। आधुनिकता के साथ पम्परागत के बीच समन्वय स्थापित कर सरकार के विभिन्न सुविधाओं के बावजूद किसान दर्जनों परेशानियो के बीच खेती कर रहे है।लेकिन कुछ समस्याओं को लेकर लगातार किसान परेशान हो रहे है और इस परेशानी के बाद भी किसान धान के लिए आधुनिक खेती अपनाने से किसानों को आर्थिक संबलता मिल रही है। गौठान योजना बंद होने से जानवरों के समुचित प्रबंधन नहीं हो रहा है।खेती जमीन में प्लांटिग करने से पानी आने के वाटर कोश बंद हो रहे है इससे पानी खेतों तक पहुँचने में बहुत दिक्कत है।शहरों के अधिक पैसे वाले जमीन खरीदकर घेरा करने से किसानों को खेत आने जाने के रास्ते बंद कर रहे है। इससे धान लाने ले जाने में बहुत परेशानी हो रही है। खेत के पैरे को घुरवा में दबाकर खाद बनाने की तैयारी कर रहे है इससे पर्यावरण प्रदुषण भी नही होगा और धान उत्पादन के लिए खेतों को नेचुरल खाद भी मिल जायेगा। किसान आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने से खेतों के उत्पाद का सही उपयोग कैसे करे यह परेशानी बन गया है।हारवेस्टर और थ्रेशर से मिंजाई कार्य करने से खेत में ही पैरा छुट जाता है किसान उस पैरे को आग लगा देते थे।लेकिन उससे उठने वाले धुएं ठंड होने के कारण नमीयुक्त होकर ऊपर नही उठ पाते थे और आसपास नीचे ही फैल जाते थे।इससे वातावरण प्रदुषित होना शुरु हो गया था इसी बात को ध्यान रखकर किसानों ने अपने पैरे का सही उपयोग करना शुरु कर दिया है। सेलूद के किसान रुपेश यादव ने बताया कि मेंरे घर में बहुत से जानवर है उसके लिए पैरे की कुट्टी व्यवस्था करने के बाद बचे हुए पैरे को मिट्टी के साथ दबाकर खाद बनाता हूँ जिससे खेतों में वर्षा के पहले डालता हूँ जिससे उत्पादन में बढोत्तरी हो रही है।ग्राम कृषक रमेश कश्यप ने बताया कि आधुनिक खेती आने से खेतों में पैरा छुट जाता है लेकिन घर में जानवर होने के कारण बाद में सभी पैरा को बैलागाडी से घर में ढुलाई करते है।चावल भविष्य का खाद्यान्न है और यही खाद्य सुरक्षा का वाहक बनेगा। यह कहना है जाने-माने कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के पास आराम करने का वक्त नहीं है।उन्हें चावल की ऐसी किस्में विकसित करनी होंगी जो पर्यावरण में हो रहे बदलावों के अनुकूल हों और जिससे चावल का उत्पादन बढ़ सके। स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का जनक माना जाता है। परम्परागत चीजें विलुप्त होती जा रही है।पहले मिंजाई के लिए बेलन गाड़ी का उपयोग करते थे उनका स्थान ट्रैक्टर ने लिया अब ट्रैक्टर से भी मिंजाई बहुत कम हो गई है उसके स्थान पर धान काटने खलिहान तैयार करने और मजदूरों की कमी को ध्यान में रखकर किसान खेत में ही खरही लगाकर आधुनिक मशीन थ्रेशर से मिंजाई कराने लगे है।साथ ही किसानों के द्वारा हारवेस्टर के द्वारा भी धान मिंजाई का कार्य करने लगे है।इन आधुनिक उपकरणों से जहाँ समय कम लगता है वही उत्पादन लागत भी कम आती है लेकिन इसमें पैरे की प्रमुख समस्या उत्पन्न होती है।कुछ किसान अपने ट्रैक्टर या बैलगाड़ी से जानवरों को खिलाने के लिए पैरे को अपने खलिहान तक ले जाते है लेकिन जिस किसान के पास जानवर नहीं है उन किसानों के द्वारा पैरे को खेत में जला दिया जाता था लेकिन अब किसानों में जागरुकता आई है।सरकार के द्वारा मनाही के बाद पैरे को अपने खेत में जलाने के बजाय खाद बनाने के उपयोग में लाया जा रहा है यह जागृति किसानों में आई है यह पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

# कृषि उपज मंडी का प्रांगण राजनांदगांव के विकास की पूंजी : विस अध्यक्ष

- विधानसभा अध्यक्ष ने आदर्श कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव के अनाज एवं फल सब्जी मंडी में 1 करोड़ 33 लाख 36 हजार रूपए की लागत की बीटी रोड डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज आदर्श कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव के अनाज एवं फल सब्जी मंडी में 1 करोड़ 33 लाख 36 हजार रूपए की लागत की बीटी रोड डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि आदर्श कृषि उपज मंडी में 6 करोड़ 49 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य जारी है। इससे जिले के किसान, व्यापारी और नागरिक लाभान्वित होंगे। उन्होंने मंडी प्रांगण में सभी निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि आदर्श कृषि उपज मंडी में वर्षभर दोनों सीजन में धान खरीदी की जाती है और यहां सब्जी की भी मंडी है। प्रदेश में सर्वाधिक धान खरीदी में राजनांदगांव आदर्श कृषि मंडी की महत्वपूर्ण भागीदारी रहती है। यह एक आदर्श कृषि उपज मंडी के रूप में है। इस मंडी में किसानों और व्यापारियों के लिए विश्राम गृह, मॉल, कपड़ा, राशन सहित सभी आवश्यकता वाली वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध है। वही मंडी प्रांगण में ट्रेक्टर से लेकर सभी प्रकार के कृषि उपकरण बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अच्छा उदाहरण है। जहां आने के बाद किसानों और व्यापारियों के लिए सभी आवश्यक वस्तुएं एक साथ उपलब्ध हैं। कृषि उपज मंडी का प्रांगण राजनांदगांव के विकास की पूंजी है। यहां आर्थिक रूप में बड़ा कार्य होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजनांदगांव आदर्श रूप में उदाहरण बनेगा। उन्होंने कृषि उपज मंडी में चल रहे कार्यों को निर्धारित समय में और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं होनी चाहिए। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि कृषि उपज मंडी में आने के बाद किसान लाभान्वित होते हैं। किसानों के उद्देश्य की पूर्ति मंडी के अधिकारी-कर्मचारी करते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लाभ के लिए मंडी में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क का भूमि पूजन हुआ है, इसे अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्माण करने कहा। कार्यक्रम को पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।



## समाचार संक्षेप

### डॉ. रमन सिंह ने सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की तैयारियों का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज आगामी मंहत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन एवं अन्य खेल प्रतियोगिता के आयोजनों की तैयारियों को लेकर दिग्विजय स्टेडियम का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों, कोच से मैदान और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने आगामी हॉकी एवं अन्य खेल आयोजनों के लिए मैदान तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं और आगामी मंहत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, रमेश डाकलिया, फिरोज अंसारी, भावेश बैद, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, मृणाल चौबे, दिग्विजय स्टेडियम समिति के सदस्यगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं खिलाड़ी, कोच एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### यूनिटी मार्च में स्काउट-गाइड रोवर रेंजर्स की रही सक्रिय सहभागिता



**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जिला मुख्यालय में आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल हुए। जिला मुख्यालय में यूनिटी मार्च अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गुरूद्वारा चौक में समापन किया गया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। यूनिटी मार्च में स्थानीय विद्यालयों के स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राजेन्द्र गोलछा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती भारती रजक, श्रीमती कामिनी मानिकपुरी, खिलावन साहू, श्रीमती अर्चना नेताम, प्रवीण साव सहित शाला प्रभारी शामिल हुए।

### विधानसभा अध्यक्ष ने जनसमुदाय को दिलाया नशामुक्त भारत का संकल्प



**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम अंतर्गत जन समुदाय को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, जनसमुदाय उपस्थित थे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 नवम्बर तक

**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** राज्य से बाहर अध्ययनरत राजनांदगांव जिले के निवासी विद्यार्थी तथा राजनांदगांव जिले में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी फॉर्मेसी संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2025-26 में नवीन एवं नवीनीकरण के विद्यार्थियों को ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## जज्बे एवं उत्साह के साथ निकाली गई रैली

# सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से किया देश की रियासतों का एकीकरण : रमन सिंह

- सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में आबद्ध करने का किया महत्वपूर्ण कार्य
- देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से यूनिटी मार्च का किया गया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में जज्बे एवं उत्साह के साथ जनप्रतिनिधियों, युवाओं एवं नागरिकों की रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से गौरवपथ से होते हुए स्वामी विवेकानंद चौक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक होते हुए गुरूद्वारा में समाप्त हुई।

भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहे, वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि से रैली निकाली गई। यूनिटी मार्च के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में आबद्ध करने का महत्वपूर्ण कार्य लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया। सरदार पटेल के अवदानों को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 565 रियासतें थी, जिसकी अलग-अलग ध्वज और पहचान थी। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सरदार पटेल ने देश के रियासतों का एकीकरण किया। आने वाली पीढ़ी के लिए उनका जीवन एवं आदर्श प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शी है। उन्होंने सामाजिक सौहार्द्र तथा देश की एकता व अखंडता को मजबूती प्रदान की है। सरदार पटेल का यह संदेश कि हम एक है, तो देश का विकास है, जन-जन तक पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को आत्मनिर्भर भारत तथा नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के एकीकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जूनागढ़, हैदराबाद सहित विभिन्न रियासतों का भारत में एकीकरण किया। लौह पुरूष सरदार पटेल का जीवन संघर्षों में बीता। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सरदार पटेल ने आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती सरदार पटेल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही है। आने वाली पीढ़ी के लिए उनका कार्य एवं योगदान पथ प्रदर्शक है।



### माता कौशल्या धाम चन्द्रखुरी में राजमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई

- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से नवीन अंकुर महिला मंडल ने किया आयोजन

**रायपुर, 13 नवम्बर।** माता कौशल्या धाम, चन्द्रखुरी की पवित्र भूमि पर राजमाता अहिल्या बाई होलकर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर नवीन अंकुर महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित हुआ। 27 से 29 अक्टूबर तक चले इस आयोजन में प्रदेशभर से आए कलाकारों ने राजमाता अहिल्या बाई होलकर के जीवन, कार्यों और समाजसेवा की अविस्मरणीय गाथा को मंच पर जीवंत किया। प्रस्तुतियों में नृत्य, नाट्य, संगीत और काव्य मंचन के माध्यम से राजमाता के त्याग, नारी शक्ति, न्यायप्रियता और धर्मनिष्ठा को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ माता कौशल्या और राजमाता अहिल्या बाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मीना गौतम ने कहा कि राजमाता अहिल्या बाई का जीवन नारी सशक्तिकरण, सेवा और धर्मनिष्ठ शासन का अद्भुत उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व आज भी समाज को प्रेरणा देता है।÷ कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, निबंध प्रतियोगिता और पेंटिंग में उत्कृष्ट प्रतिभागियों के साथ ही महिला उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और संगठनों को सम्मानित किया गया। आयोजन की सराहना करते हुए सभी अतिथियों ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धा का प्रतीक था, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्त्री शक्ति के प्रति समाज में नव ऊर्जा का संचार करने वाला भी रहा। कार्यक्रम आरंग जनपद पंचायत सीईओ, श्री अभिषेक बनर्जी, सरपंच जगमोहन बघेल, पंच सुनीता साहू, वी पी एम टेगवार, दीपाली सिंह, सुरेंद्र बर्मन, चंद्रकली वर्मा, संगीता वर्मा, रुक्मिणी, अनुसुइया, गीता वर्मा , तृप्ति वर्मा, मधुबाला, वीना शर्मा, प्रदीप साहू, कलाकार सोमनाथ राय, अयूब, दीपा वर्मा, सादिक, संगीता भट्टाचार्य (कोलकाता), शैलेंद्री साहू, मुमताज समेत बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए कलाकार और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में करेंगे बेहतर कार्यः सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खेल गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए विशेष तौर पर कार्य किए जा रहे है। हॉकी एवं झांकी राजनांदगांव का गौरव है। महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी जनवरी माह में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में कराएंगे। उन्होंने अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आवश्यक अनुमति एवं सहमति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम या दिग्विजय स्टेडियम में होगा। इसके संबंध में निर्धारित समय में होने वाली तैयारी के दृष्टिगत निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में विद्युतीकरण सहित अन्य प्रस्ताव केन्द्र एवं राज्य स्तर पर विचाराधीन है, उन पर कार्य करते हुए बेहतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने जिले के विभिन्न संघ के प्रतिनिधियों से खेल गतिविधियों तथा अधोसंरचना को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राप्त अतिरिक्ति सुझाव के संबंध में भी विचार किया जाएगा।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्य के लिए 6 करोड़ रूपए का प्रस्ताव लंबित है तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में एस्ट्रोटर्फ रिप्लेस्मेंट कार्य के लिए 9 करोड़ 20 लाख रूपए की राशि प्रशासकीय स्वीकृति हेतु लंबित है। की गई चर्चा के अनुरूप इस दिशा में हरसंभव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खेल के आयोजन के लिए मैदान की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए दो मैदानों का चयन किया गया है। जिले में खेल विभाग, राजगामी संपदा, स्वेच्छा अनुदान के माध्यम से अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलो इंडिया लघु सेंटर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 35 बालक व 35 बालिका हॉकी खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त करते है। हॉकी नेशनल लेवल टूर्नामेंट 5 से 15 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित किया गया है। स्टेट स्कूल मैदान राजनांदगांव में प्रतिदिन 18 बालक एवं 20 बालिका व्हॉलीबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 12 बालक एवं 14 बालिका तीरंदाजी खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। दिग्विजय स्टेडियम में बैंडमिंटन का 3 कोर्ट उपलब्ध है। जिसका नियमित अभ्यास हेतु उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में 637 लाख रूपए की लागत से 4 लेन 800 मीटर सिथेटिंक एथलेटिक ट्रेक का निर्माण किया जाना है। उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम में मल्टीजीम रिपेरिंग कार्य, डी ब्लॉक में हाल निर्माण, बैडमेंटन कोर्ट में सिंथेटिक फ्लोर निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी दी।



### सबके लिए आवास एक साकार होता सपना

**महासमुंद, 13 नवम्बर।** प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के विकास की दिशा में सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ यह योजना देश के हर उस नागरिक तक छत पहुँचाने का प्रयास किया है, जिसके सिर पर अब तक अपना घर नहीं था। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इस योजना ने गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा किया है, साथ ही स्वच्छता, जीवन-स्तर और सामाजिक गरिमा में भी अभूतपूर्व सुधार लाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जहां गाँवों में लाखों परिवारों को नया घर मिला है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने शहरों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सम्मानजनक आवास प्रदान किया है। इस योजना से गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के सपने को आधार मिला है।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस मिशन को पूरा करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। चयनित पात्र हितग्राहियों के पक्के घर का सपना पूरा करने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है।

## 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में देश के ईस्ट जोन के बेस्ट डिस्ट्रिक्ट के रूप में सम्मानित होने जा रहा राजनांदगांव

# सामुदायिक प्रयासों का रहा बेहतरीन परिणाम है बेस्ट डिस्ट्रिक्ट का सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 नवम्बर।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11 नवम्बर 2025 को आयोजित पुरस्कारों की घोषणा कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 के विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिले को देश के ईस्ट जोन में बेस्ट डिस्ट्रिक्ट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। यह सम्मान जिले में जल संरक्षण, संवर्धन तथा जनभागीदारी आधारित सतत कार्यों के लिए 18 नवम्बर 2025 को देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार में देशभर के विभिन्न जिलों के नामांकन के बाद सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर बोर्ड, सेन्ट्रल वॉटर कमिशन एवं विभिन्न दलों के निरीक्षण व विस्तृत अवलोकन के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश के ईस्ट जोन के पांच राज्यों के समस्त जिलों में से बेस्ट डिस्ट्रिक्ट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में यह खिताब राजनांदगांव जिले को प्रदान किया जा रहा है। विगत वर्ष केंद्रीय भू-जल मंत्री द्वारा राजनांदगांव जिले का दौरा कर जिले में चल रहे इस अभियान के प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए देश विभिन्न मंचों में राजनांदगांव जिले की प्रशंसा भी की गई थी।

**जनभागीदारी आधारित यह अभियान जल संरक्षण की दिशा में सफल पहल:** राजनांदगांव जिले में जल संरक्षण एवं प्रबंधन के कार्यों को शासन-प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, महिला स्वसहायता समूहों, उद्योगपतियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मिशन के रूप में सघन अभियान चलाया गया। गांवों से लेकर शहरों तक नागरिकों ने जल ही जीवन है और जल है तो कल है के संदेश को आत्मसात करते हुए मिशन जल रक्षा को एक जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। किसानों द्वारा फसल चक्र परिवर्तन, वर्षा जल संचयन एवं भू-जल पुनर्भरण के कार्यों से जिले में जल स्तर में सुधार हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। केंद्रीय भू-जल बोर्ड की 2021-22 की रिपोर्ट में जिले के तीन ब्लॉकों को सेमी-क्रिटिकल जोन के रूप में चिन्हित किया गया था। सेमीक्रिटिकल जोन का अर्थ पानी के विषय में 70 प्रतिशत से अधिक पानी का उपयोग करने वाले क्षेत्र इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मिशन जल रक्षा के व्यापक प्रयासों के साथ जिले ने यह अभियान प्रारंभ किया था, अब यह पूरे देश में मॉडल के रूप में जाना जाने लगा है। इस योजना में जिले की प्राथमिकता है कि पहले तो हम पानी के तेजी से घटते जल स्तर की गति को धीमा कर सके फिर उसे एक स्तर पर स्थिर कर सके तत्पश्चात् अत्यधिक जल दोहन को रोककर इस प्राकृतिक बहुमूल्य धरोहर को संधारित कर सके। इसके लिए अनिवार्य है कि प्रत्येक नागरिक आज से ही अपने आसपास के क्षेत्र में होने वाले जल दोहन को ध्यान में रख कर कम से कम भू-जल का उपयोग करें एवं कम से कम पानी उपयोग वाली फसलों को बढ़ावा दें।

### मिशन जल रक्षा - सतत विकास की दिशा में अभिनव पहल के रूप में उभर कर आने लगा

पानी के तेजी से घटते जल स्तर की इस चुनौती को प्रयासों में बदलते हुए जिले में जीआईएस आधारित तकनीकी योजनाओं, रिचार्ज संरचनाओं, रिचार्ज सॉफ्ट, बोरवेल सह इंजक्शनवेल, परकोलेशन टैंक, फार्म पॉन्ड और तालाबों के पुर्नजीवन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई। मिशन के अंतर्गत भू- जल दोहन नियंत्रण, वर्षा जल संग्रहण तथा सामुदायिक प्रयासों को जल संरक्षण की प्रमुख रणनीति के रूप में अपनाया गया।

### सामुदायिक प्रयासों से मिली राष्ट्रीय पहचान

राजनांदगांव जिले को प्राप्त होने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान, जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। साझा प्रयासों से जल बचाओ, भविष्य बनाओ की भावना को व्यवहार में उतारते हुए जिले ने यह साबित किया है कि जनभागीदारी से किसी भी संसाधन का संरक्षण संभव है। साथ ही साथ 18 नवंबर 2025 को ही नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले को एक अन्य जल संचय से जनभागीदारी के क्षेत्र में भी सम्मानित किया जाना है। राजनांदगांव की यह उपलब्धियां अब पूरे देश के सामने आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो रही है। यह सम्मान न केवल जिले की उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत जल प्रबंधन और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी देता है।

## संपादकीय

# सबका काम करने का अपना तरीका होता है

सरकार हो,कोई संस्था हो सब के पास अपना काम होता है, और सबको अपना काम पूरा करना होता है।सबका काम को पूरा करने का अपना तरीका होता है।कोई काम को परंपरागत से करना ठीक समझता है।वह समझता है जैसे काम पहले से चला आ रहा है, वैसा ही करना ठीक है। कोई सोचता है कि काम करने का यह तरीका पुराना हो गया है। इसमें वक्त ज्यादा लगता है और काम भी पूरा नहीं होता है। काम को कम समय में पूरा करने के लिए कोई नया तरीका काम में लाना चाहिए। जब कोई काम को नए तरीके से करता है तो पुराने तरीके से काम करने वाले लोगों को अच्छा नहीं लगता है और वह उसकी आलोचना इसी बात के लिए करते हैं कि देखो इसको काम करना नहीं आता है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद बरसों पुरानी समस्या है।समस्या बरसों से बनी हुई है तो इसका साफ मतलब है कि राज्य में जितनी भी सरकारें हुईं,सबने समस्या को हल करने का प्रयास किया लेकिन वह कर नहीं सके।साय सरकार से पहले राज्य में पांच साल भूपेश सरकार सत्ता में रही।उसने नक्सलवाद समस्या को हल करने का प्रयास किया जरूर लेकिन उनके समस्या का समाधान करने का तरीका परंपरागत था, जैसे पहले की सरकारें नक्सलवाद की समस्या के समाधान के लिए प्रयास करती थी, उन्होंने उसी तरह प्रयास किया।भूपेश सरकार ने नक्सलियों के सफाए की बात तो कभी सोची नहीं, पांच साल भूपेश बघेल ने शायद ही कभी कहा हो कि उनकी सरकार नक्सलियों का सफाया करना चाहती है। एक साल में सरकार नक्सलियों का सफाया कर देगी। भूपेश सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ संघर्ष किया पर इस तरह संघर्ष किया कि सरकार की वाहवाही भी हो और बस्तर में नक्सली बचे भी रहें।उनका तरीका सरकारों का परंपरागत तरीका था।भूपेश सरकार के जाने के बाद साय सरकार आई तो उसने नक्सलियों के सफाए की सोची,पहली बार किसी सरकार ने सोचा कि नक्सलियों का बस्तर से सफाया किया जा सकता है। उसके लिए योजना बनाई गई कि नक्सलियों का सफाया कैसे किया जा सकता है।बस्तर में नक्सलियों को कमजोर कैसे किया जा सकता है।बस्तर में सुरक्षा कैंपों की संख्या बढ़ाई गई,गांवों में सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया, नक्सलियों की हर तरह की सप्लाई लाइन तो ध्वस्त किया गया,टारगेट्ड आपरेशन चलाकर नक्सलियों को मारने की कोशिश की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि जो नक्सली पहले पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों को घेर कर मार देते थे, कैंपों की संख्या बढ़ने से बस्तर में सुरक्षा बलों की संख्या बढ़ी और संख्या में नक्सलियों से ज्यादा होने पर अब सुरक्षा बल नक्सलियो को घेर कर मारने लगे। नक्सलियों के ठिकानों पर हमला कर बड़े नक्सली नेताओं का मारने की शुरुआत की गई।नक्सलियों को एहसास हुआ बस्तर में अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है। ऐसे में सरकार ने उनसे दो टूक कह दिया कि उनके पास दो ही चारा है,सरेंडर करो या मारे जाओ। मारे जाने का खौफ बढ़ा तो अब बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करने लगे। सरकार यही चाहती थी कि बस्तर के नक्सली मारे जाने की जगह सरेंडर करें और समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर शांति की जीवन जीएं। नक्सली संगठन में जितने नक्सली हैं,वह हैं तो बस्तर के लोग ही।वह मारे जाते हैं तो बस्तर के लोग ही मारे जाते हैं।साय सरकार बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करना चाहती है।ऐसा नक्सलियों का मारकर भी संभव है और ऐसा नक्सलियों के संगठन से बस्तर के आदिवासियों को अलग करके भी संभव है। बस्तर के लोग नक्सली संगठन में नहीं भर्ती होंगे तो वह सगठन बचेगा भी नहीं।सरकार की पूरी कोशिश यही है नक्सलियों का नक्सली विचारधारा से मोहभंग हो जाए।इसके लिए वह हर तरह से प्रयास कर रही है। कई तरह की योजनाएं चला रही हैं। नक्सलियों के पुनर्वास का बेहतर प्रयास किया जा रहा है।बड़े नक्सली नेताओं से बात की जा रही है,उनको सरेंडर करने प्रेरित किया जा रहा है।जो आज तक नहीं किया गया वह भी किया जा रहा है। नक्सलियों के सफाए के लिए जो आज तक किसी गृहमंत्री ने नहीं किया, वह साय सरकार के गृहमंत्री विजय शर्मा ने किया। वह माओवादी माड़वी हिड़मा बारसे देवा के गांव पूवर्ती पहुंचे।यह गांव हिड़मा का गांव होने के कारण एक समय कोई जाने की हिम्मत नहीं करता था।यहां गृहमंत्री शर्मा ने हिड़मा की माता माडवी पूंजी व देवा की माता बारसे सिंगे से मुलाकात की और उनसे कहा कि वह अपने बेटों को समझाएं कि वह सरेंडर कर दें।दोनों माताओं ने बेटों से कहा है कि वह सरेंडर कर दें।

# जिग्मे सिंगये वांगचुक : भूटान के आधुनिक निर्माण और भारत-भूटान मित्रता के शिल्पकार

**विदेश**

डॉ सत्यवान सौरभ



भूटान का इतिहास एक ऐसे अद्भुत शासक की गवाही देता है जिसने न केवल अपने देश को आधुनिकता के मार्ग पर अग्रसर किया, बल्कि उस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी सुरक्षित रखा जिसने उसे एक विशिष्ट राष्ट्र के रूप में पहचान दी। यह शासक थे चतुर्थ राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक (K4), जिन्होंने 1972 से 2006 तक शासन किया। उन्होंने ऐसे समय में राजगद्दी संभाली जब भूटान एक सीमित संसाधनों वाला, आंतरिक रूप से बंद और बाहरी दुनिया से अपेक्षाकृत दूर देश था। परंतु उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने इस छोटे हिमालयी राष्ट्र को स्थिर, समृद्ध और आत्मनिर्भर लोकतंत्र में बदल दिया। राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने विकास को केवल आर्थिक प्रगति से नहीं जोड़ा, बल्कि उसे मानवीय, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संतुलन से परिभाषित किया। उन्होंने "सकल राष्ट्रीय सुख (Gross National Happiness)" की अवधारणा दी, जिसने भूटान के शासन, नीति निर्माण और सामाजिक जीवन का मूल दर्शन बनकर कार्य किया। इस विचार में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि विकास का मापदंड केवल धन-संपत्ति नहीं, बल्कि लोगों का मानसिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन भी होना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भूटान के आधुनिकीकरण की गति परंपराओं को निगल न जाए, बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। राजा वांगचुक ने भूटान को पूर्ण राजतंत्र से लोकतांत्रिक संवैधानिक शासन में रूपांतरित करने की ऐतिहासिक प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने 2001 में भूटान का संविधान तैयार करवाया, जो 2008 में लागू हुआ। यह दुनिया में दुर्लभ उदाहरण है जब किसी राजा ने स्वयं अपने अधिकार सीमित कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को शक्ति सौंपी। 2006 में उन्होंने स्वेच्छा से अपने पुत्र जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक के पक्ष में सिंहासन छोड़ दिया, यह दिखाते हुए कि सत्ता का वास्तविक उद्देश्य जनकल्याण है, न कि अधिकारों का संचय। इस परिवर्तन ने भूटान को एक स्थायी लोकतंत्र, पारदर्शी शासन और संस्थागत जवाबदेही की दिशा में अग्रसर किया।

आर्थिक दृष्टि से भी जिग्मे सिंगये वांगचुक का काल भूटान के इतिहास में परिवर्तनकारी रहा। उन्होंने देश के सीमित संसाधनों को सही दिशा में उपयोग कर विकास का आत्मनिर्भर मॉडल तैयार किया। भूटान ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क संपर्क जैसी बुनियादी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किए। भारतीय सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation) के सहयोग से भूटान के दुर्गम इलाकों में सड़कें और पुल बने, जिससे न केवल व्यापार और आवागमन बढ़ा बल्कि सीमाई सुरक्षा भी सुदृढ़ हुई। यह भूटान के ग्रामीण विकास और प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम था। परंतु K4 का सबसे उल्लेखनीय योगदान रहा भारत-भूटान संबंधों का सुदृढ़ीकरण। उन्होंने यह समझा कि भूटान की भौगोलिक स्थिति—भारत और चीन के बीच—एक रणनीतिक संवेदनशीलता का क्षेत्र है। अतः उन्होंने भारत के साथ पारस्परिक विश्वास



और सहयोग पर आधारित संबंधों को प्राथमिकता दी। भूटान की विदेश नीति का प्रमुख स्तंभ बना भारत के साथ "विश्वास आधारित साझेदारी", जो आज भी दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय संबंधों का आदर्श उदाहरण मानी जाती है।

इसी साझेदारी का सबसे प्रभावी रूप रहा जलविद्युत कूटनीति (Hydropower Diplomacy)। भूटान की प्राकृतिक संपदा में सबसे बड़ा संसाधन उसकी नदियाँ हैं, जिनमें अपार जलविद्युत क्षमता निहित है। राजा वांगचुक ने बहुत पहले यह पहचान लिया था कि यही संसाधन भूटान की आत्मनिर्भरता और भारत-भूटान आर्थिक साझेदारी की रीढ़ बन सकता है। इस सोच के परिणामस्वरूप भारत और भूटान ने मिलकर कई प्रमुख परियोजनाएँ शुरू कीं—चुखा (1988), कुरिचू (2001), ताला (2006)—जो भारत द्वारा वित्तपोषित और तकनीकी रूप से सहयोगित थीं। इन परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली भारत को निर्यात की गई और उसी राजस्व से भूटान ने अपने सामाजिक विकास कार्यक्रम चलाए। इस प्रकार जलविद्युत कूटनीति ने दोनों देशों को आर्थिक रूप से एक-दूसरे से जोड़ दिया। भारत को स्वच्छ ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत मिला और भूटान को स्थायी आय का साधन। यह संबंध केवल आर्थिक नहीं था, बल्कि राजनीतिक विश्वास और भौगोलिक स्थिरता का भी प्रतीक था। आज भी भूटान की राष्ट्रीय आय का लगभग 25% हिस्सा जलविद्युत निर्यात से आता है और इसका अधिकांश भारत को जाता है। इस मॉडल ने दिखाया कि क्षेत्रीय साझेदारी केवल व्यापारिक हित नहीं, बल्कि सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन के माध्यम से भी आगे बढ़ सकती है।

जिग्मे सिंगये वांगचुक की नीतियों ने भारत-भूटान सुरक्षा सहयोग को भी नई गहराई दी। भूटान की उत्तरी सीमाएँ चीन से लगती हैं, जहाँ कई बार सीमा विवाद और घुसपैठ की घटनाएँ हुई हैं। K4 ने इस संभावित खतरे को समय रहते भाँप लिया और भारत के साथ सामरिक सहयोग को सुदृढ़ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भूटान कभी भी किसी तीसरे देश के लिए भारत विरोधी गतिविधियों का अड्डा न बने। 2003 में उन्होंने भारतीय विद्रोही संगठनों — ULFA, NDFB और KLO — के ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन ऑल क्लियर' चलाया और उन्हें भूटान से बाहर कर दिया। यह एक साहसिक कदम था जिसने भूटान की संप्रभुता और भारत के प्रति उसकी निष्ठा को प्रमाणित किया। सुरक्षा क्षेत्र में यह सहयोग केवल सैन्य नहीं बल्कि रणनीतिक भी था। भारत ने भूटान की सेना को प्रशिक्षण, उपकरण और बुनियादी ढाँचा प्रदान किया। सीमा इलाकों में संयुक्त निगरानी और खुफिया साझेदारी ने दोनों देशों को क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में मदद की। यह सहयोग बाद के वर्षों में डोकलाम (2017) जैसे संकटों में और अधिक महत्वपूर्ण साबित हुआ, जब दोनों देशों ने एक-दूसरे के रणनीतिक हितों की रक्षा में एकजुट होकर कार्य किया। राजा वांगचुक की दूरदर्शिता ने यह भी सुनिश्चित किया कि भूटान की विदेश नीति "संतुलन" पर आधारित रहे — जहाँ भारत प्राथमिक साझेदार है, वहीं भूटान ने अपनी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विशिष्टता को भी सुरक्षित रखा। उन्होंने अपने शासनकाल में चीन के साथ संवाद के कुछ सीमित प्रयास किए, परंतु भारत के हितों को कभी भी हानि नहीं पहुँचने दी। यह संतुलन आज भी भूटान की विदेश नीति की पहचान है।उनकी नीतियों के कारण भारत और भूटान के बीच केवल सरकार-से-सरकार का नहीं, बल्कि "जन-से-जन संबंध (People-to-People Relations)" का भी विस्तार हुआ। भूटान में भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जलविद्युत और आईटी जैसे क्षेत्रों में सबसे बड़ा विकास सहयोगी बना। भूटान के युवा भारत में शिक्षा प्राप्त करते हैं, और दोनों देशों के लोगों में सांस्कृतिक निकटता का भाव है। भूटान के लोकतांत्रिक संक्रमण के बाद भी K4 की भूमिका परामर्शदाता और मार्गदर्शक के रूप में बनी रही। वर्तमान राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक (K5) ने अपने पिता की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए भारत के साथ संबंधों को और गहरा किया। 2025 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के दौरे पर गए, तो उन्होंने K4 के 70वें जन्मदिन समारोह में भाग लिया — यह इस संबंध की गहराई और निरंतरता का प्रतीक है। आज जब भारत अपने "पड़ोसी प्रथम (Neighbourhood First)" नीति के तहत क्षेत्रीय साझेदारी को प्राथमिकता दे रहा है, भूटान इसके केंद्र में है। भारत के लिए भूटान न केवल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दक्षिण एशिया में उस दुर्लभ पड़ोसी का उदाहरण है जहाँ विश्वास, समानता और आपसी सम्मान के आधार पर संबंध कायम हैं। भूटान के लिए भी भारत केवल एक आर्थिक भागीदार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और सुरक्षा गारंटी का प्रतीक है। जलविद्युत कूटनीति के माध्यम से जहाँ आर्थिक परस्परता मजबूत हुई, वहीं सुरक्षा सहयोग के कारण सीमाई स्थिरता बनी रही। इस संतुलन ने भूटान को एक "सॉफ्ट पावर" राष्ट्र के रूप में पहचान दी, जिसने विकास और आध्यात्मिकता को जोड़कर दुनिया के सामने एक वैकल्पिक विकास मॉडल प्रस्तुत किया। राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक ने यह सिद्ध किया कि छोटे देश भी यदि दूरदृष्टि, स्थिर नेतृत्व और संतुलित कूटनीति अपनाएँ तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि अपने बड़े पड़ोसियों के साथ समानता पर आधारित संबंध भी स्थापित कर सकते हैं। भूटान का लोकतांत्रिक और आर्थिक उत्थान इसी नेतृत्व की विरासत है। अंततः कहा जा सकता है कि K4 ने भारत-भूटान संबंधों को "विकास और सुरक्षा साझेदारी (Development-Security Partnership)" में रूपांतरित किया। जहाँ जलविद्युत परियोजनाएँ आर्थिक समृद्धि का आधार बनीं, वहीं रक्षा और सीमाई सहयोग ने राजनीतिक स्थिरता को सुनिश्चित किया। उनका शासन इस बात का प्रमाण है कि आधुनिकता और परंपरा, लोकतंत्र और राजतंत्र, आत्मनिर्भरता और साझेदारी — सभी एक साथ अस्तित्व में रह सकते हैं यदि नेतृत्व में दूरदर्शिता और निस्वार्थता हो। आज भूटान दुनिया का एकमात्र "कार्बन-ऋणात्मक (Carbon Negative)" देश है, जहाँ विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना हुआ है। यह उस सोच का परिणाम है जो K4 ने दशकों पहले बोई थी। उन्होंने न केवल भूटान की भौगोलिक सीमाओं को सुरक्षित किया, बल्कि उसकी आत्मा को भी संरक्षित रखा। भारत-भूटान संबंधों की यह जीवंत परंपरा, उनकी दी हुई विरासत है—विश्वास, सहयोग और साझा समृद्धि की अमिट कहानी।

## राशिफल

**मेष** आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको खुशखबरी सुनने को मिलेगी, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। संतान की पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं यदि आ रही थी, तो आप उन्हें बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे और आपको अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपके बॉस से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे, लेकिन आपको अपनी इगो से उन्हें खराब करने से बचना होगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सुखद रहने वाला है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा, इसलिए आप अपने कामों को लेकर पूरी सूझबूझ दिखाएं। किसी अजनबी पर भरोसा करके किसी को धन उधार ना दें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट हो सकती हैं। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे।

**मिथुन** आज आपको पैसे से संबंधित कामों को पूरा समझदारी से करना होगा और किसी से धन उधार बहुत ही सोच विचारकर ले। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको पछतावा होगा। बिजनेस में आप किसी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा आपके किसी दोस्त की मदद से दूर होगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानना होगा, क्योंकि कुछ आपके मित्र के रूप में आपके शत्रु हो सकते हैं। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर कुछ अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होते-होते अटक सकती है और जो आपकी चिंताओं को बढ़ाएगी। आपका कोई अधूरा काम पूरा होने से खुशी होगी। किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप किसी के कहने में आकर धन थोड़ा सोच समझकर लगाएं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप संतान के भविष्य को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा सूझ बूझ दिखानी होगी। आस-पड़ोस में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी बचत की योजना में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपने पेट संबंधित समस्याओं को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। आपकी इन्कम में वृद्धि होने से खुशी होगी और आप परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं घूमने-फिरने भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने बढ़ते खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलें। शौक और मौज की चीजों पर आप अच्छा खासा खर्चा करेंगे और अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। माता जी के सेहत को लेकर आपको थोड़ी चिंता रहेगी, क्योंकि उनका कोई पुराना रोग उभर सकता है, जिसको लेकर भागदौड़ बनी रहेगी। आपको अपने बॉस की ओर से प्रमोशन आदि जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु** आज आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। पिताजी आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप अपने बॉस की बातों को इग्नोर ना करें, नहीं तो आपसे काम में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से कोई निर्णय लेकर कुछ नए कामों को करेंगे। आपको अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देना होगा और अपने स्वभाव के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई मन मुताबिक काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ** आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और आपको हर काम में सफलता मिलेगी। किसी गरीब की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आप अपने परिवार के लोगों को भी मिल बैठकर सुलझाने में कामयाब रहेंगे। प्रॉपर्टी आज आपको प्राप्त हो सकती है, जिसके लिए आप कोई लोन आदि भी ले सकते हैं। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती है। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे।

**मीन** आज आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आपको कोई समस्या हो, तो उसे छोटा ना समझें। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे आपका कोई नुकसान भी हो सकता है, इसलिए बिजनेस में किसी अजनबी के साथ कोई डील फाइनल करने से बचना चाहिए। प्रॉपर्टी डीलर का काम कर रहे लोगों की कोर्ट का फैसला आपके पक्ष में मिलने से उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें।

## सू- दोकू क्र.227

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.226 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -227


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़भूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 226 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

**बाल दिवस विशेष...**

# बच्चों को समझने और खुद को परखने का महापर्व

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



" बच्चे मन के सच्चे , सारे जग के ये आंख के तारे ..." कितना सुकून मिलता है गीत की इन पंक्तियों को सुनकर । बच्चों का में और उनके हृदय की छोटी सी सोच भी निः स्वार्थ हुआ करती है । न किसी के प्रति कटु भावना और न ही किसी के प्रति विरोध । बच्चों की विचारधारा की पवित्र गंगा सदैव मानवीय समाज को पुण्य फल प्रदान करती रही है । प्रत्येक माता - पिता का यह स्वप्न होता है कि उनका बच्चा हमेशा मुस्कुराता रहे । वे उसकी खुशियों के लिए हर प्रकार के जतन भी किया करते हैं । समय के साथ परिवर्तन इस दुनिया का नियम है । साथ ही परिवर्तन में शामिल नकारात्मकता को पहचान कर उसे दूर रखना प्रत्येक माता -पिता का कर्तव्य भी माना जाना चाहिए । वर्तमान समय में बच्चे आंख के तारे तो हैं ,किंतु उनकी टिमटिमाहट मद्धिम क्यों पड़ रही है ? इस पर चिंतन की जरूरत है ! बच्चों की निः स्वार्थ आत्मा छोटे से घटनाक्रम से क्यों आहत होने लगी है ? प्राथमिक और मिडिल कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चे अपना विवेक क्यों खो रहे हैं ? उनके द्वारा जीवन की कोमल उम्र में आत्महत्याएं अथवा हत्या जैसे कदम क्यों उठाए जा रहे हैं ? क्या इन सब समस्याओं पर गंभीर चिंतन पालकों के लिए चुनौती नहीं है ? बावजूद इसके लगातार बच्चों का अपराध में शामिल होना मेरी नजर में माता - पिता के साथ हमारी शिक्षा व्यवस्था का दुष्परिणाम ही हो सकता है !

आज की दबावयुक्त जीवनशैली ही बढ़ते बच्चों के मार्ग का कंटक बनकर सामने आ रही है । तीन वर्ष की मासूम उम्र से शुरू हुई शिक्षा की दबाव पूर्ण नीति जीवन संवारने के स्वर्णिम पाठ्यक्रम तक लगातार बच्चों के लिए चुनौती बनी हुई है । मै यदि अपना बचपन याद करूं तो मुझे मेरे माता - पिता ने छह वर्ष में स्कूल भेजा था । क्या मेरी पीढ़ी के लोग आज की पीढ़ी से कम ज्ञान रखते हैं ? शायद नहीं ! कमजोरी मुझे आज की नन्हीं उम्र से शुरू की गई शिक्षा व्यवस्था पर ही नजर आती है । उन्मुक्त बचपन कहीं खो गया है ! मां के आंचल तले दुग्धपान का अधिकार मासूमों से छीन लिया गया है ! घर के आंगन में हौले - हौले चलते और भागते हुए बच्चों की मनभावन हलचल प्ले स्कूल से लेकर नर्सरी कक्षाओं की चहार-दिवारी में दम तोड़ चुकी है ! तब मेरे विचार मुझसे कहने लगे हैं -" बच्चों को खुश रखने के लिए उनके साथ मजबूत संबंध बनाएं । बच्चों के साथ समय बिताएं । बच्चों की बातों को सुनें । उनकी तारीफ करें । उन्हें प्रोत्साहित करें । साथ ही उनकी रुचियों और कल्पनाओं को पंख लगाने के प्रयास करें । " हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि स्वस्थ आदतें , पौष्टिक भोजन , पर्याप्त नींद तथा शारीरिक गतिविधि बच्चों के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है । वर्तमान की दौड़ती - भागती जीवनशैली में माता - पिता के पास बच्चों के लिए समय नहीं है ! अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूर्ण करने दोनों को नौकरी अथवा आर्थिक संपन्नता के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है । ऐसी परिस्थिति में बच्चे आया के भरोसे या फिर झूला घर और प्ले स्कूल में भेज दिए जाते हैं ! माता - पिता थक हारकर घर लौटते और बच्चे को साथ लेकर केवल सोने तक सीमित रह गए हैं । वह दिनभर क्या खाता है ? कैसे खेलता है ? अन्य लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है ? अपनी सीखने की उम्र में किस संस्कृति को समझ पा रहा है और किसे अपने हृदय में स्थान दे पा रहा है ? इन सारे गंभीर प्रश्नों से माता - पिता अनभिज्ञ हैं ! वे न तो उन्हें ठीक तरीके से देख पा रहे हैं और न ही यह अनुभव कर पा रहे हैं कि बच्चा उन्हें किश्तियां स्वीकार कर पाएगा ! इतनी अनदेखी के बावजूद हर पालक अपने बच्चे की तुलना समाज में पल - बढ़ रहे ऐसे बच्चों से करने से पीछे नहीं रहता , जो बच्चे परिजनों के बीच अपना बचपन गुजार रहे हैं । ऐसे पालकों से मै कहना चाहता हूं कि कृपया अपने बच्चे की तुलना किसी अन्य के बच्चे से कतई न करें । अपने बच्चे के मस्तिष्क को पढ़ने का प्रयास करें तथा सकारात्मक विचारों को समझते हुए बच्चे का मनोबल बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करें । अब वह समय आ गया है जब बच्चों को नियम और कानून का ज्ञान छोटी उम्र से ही देने की जरूरत है । उनके जीवन में जरूरी नियमों को उन्हें समझाएं । उनके जीवन की सीमाएं निर्धारित करें । इतना जरूर ध्यान रखें कि उनकी गलतियों पर सजा देने के बजाए गलतियों को दूर करने के लिए काउंसिलिंग की जरूरत महसूस करें । बच्चों को इतना उन्मुक्त करने का प्रयास करें कि वे अपनी भावनाओं से माता - पिता को अवगत करा सकें । उन्हें इस बात की शिक्षा अवश्य दें कि जीवन में दुःख के क्षण आते हैं , किंतु उन्हें सामान्य मानकर अपना आपा न खोएं । छोटी उम्र में किसी प्रकार का ऐसा निर्णय न लें जो जीवन के लिए घातक हो जाए । बच्चों को अपने पास बैठाएं । उन्हें ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित कहानियां सुनाएं । साथ ही प्रयास करें कि वे आपके संरक्षण में कहानियां बना सकें । हर माता - पिता का यह कर्तव्य है कि वे बच्चों को नए तरीके से सोचनेवौर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें । इस बात को ध्यान में रखना होगा कि यदि बच्चे का रिश्ता माता - पिता के साथ प्रगाढ़ होता है तो उसे इस बात का एहसास जल्द ही होने लगता है कि माता - पिता उसकी देखभाल कर रहे हैं । ऐसा होने से बच्चे के मन में खुशी का संचार होता है । प्रायः यह शिकायत सामने आती रही है कि बच्चों को खुश कैसे रखें ? मनोवैज्ञानिकों की माने तो बच्चों को खुश रखने का सबसे सस्ता और मजबूत तरीका उनकी सराहना करना है । ऐसी सराहना न केवल बच्चों की उपलब्धि तक सीमित हो बल्कि उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों तक विस्तृत होनी चाहिए । यह वैज्ञानिक तथ्य भी है कि बच्चों की कड़ी मेहनत और उनके व्यवहार की सराहना उन्हें मुस्कुराने के लिए विवश करती रही है । प्रत्येक माता -पिता अपने बच्चों को हार न मानने और लक्ष्य तक पहुंचने की प्रेरणा लगातार प्रदान करते रहें । यह अकाट्य है कि सफलता और असफलता एक सिक्के के दो पहलू हैं , उन्हें इसकी सटीक जानकारी प्रदान कर उनकी परिपक्वता को विकसित किया जा सकता है । बच्चों में आत्म सम्मान की सोच को विकसित करने के लिए जिम्मेदारी का एहसास कराना भी जरूरी है । बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार छोटे - छोटे काम सौंपना भी गलत नहीं है । काम की सफलता पूर्ण संपन्नता पर उनकी तारीफ जरूर करें । स्नेह से सिर पर हाथ फेरें । पीठ थपथपाएं । इस तरह की निः शुल्क प्रक्रिया उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के मार्ग में जरूर अग्रसर करेगी और यही हमारा लक्ष्य भी होना चाहिए ।

### धान खरीदी शुरू होने से पहले मंडी प्रशासन सख्त

# गोदाम में मारा छापा, 100 बोरी अवैध धान जब्त



**जगदलपुर, 13 नवंबर।** धान खरीदी सीजन शुरू होने से पहले ही बस्तर जिले में अवैध भंडारण पर मंडी विभाग की सख्ती जारी है। मंडी निरीक्षण दल ने ग्राम नियानार में छापा मार कार्रवाई करते हुए 100 बोरी अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त किया। टीम ने यह कार्रवाई तब की, जब सूचना मिली कि बिना लाइसेंस कुछ व्यापारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों से धान खरीदकर गोदामों में जमा कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर जगदलपुर कृषि उपज मंडी के सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम ने ग्राम नियानार निवासी वासुदेव नाग के घर और गोदाम की तलाशी ली। जांच में पाया गया कि गोदाम में रखे 100 बोरी धान का मंडी लाइसेंस या वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर मंडी टीम ने धान जब्त कर कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत कार्रवाई प्रारंभ की।इसी क्रम में मंगलवार को मंडी सचिव ने शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में एक पिकअप वाहन पकड़ा, जिसमें 50 बोरी मक्का लदी हुई थी। जांच में यह मक्का कोल्ड स्टोरेज भेजा जा रहा था, लेकिन चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### आतंक के पर्याय बने नक्सल दंपती का सरेंडर

**सुकमा।** बस्तर के लाल गलियारों में लंबे समय तक आतंक का पर्याय रहे कुख्यात नक्सली दंपती जयलाल और माड़वी भीमे ने आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों ने आंध्रप्रदेश की राजधानी विजयवाड़ा में पुलिस के सामने सरेंडर किया है।बताते हैं कि दरभा डिवीजन का एसजेडसीएम रहे जयलाल पर 25 लाख और उसकी पत्नी डीवीसीएम माड़वी भीमे पर 8 लाख रूपए का इनाम है। दोनों लंबे समय से सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर के जंगलों में नक्सली गतिविधियां चला रहे थे। भीमे सुकमा जिले के फूलबगड़ी थाना क्षेत्र के सोलूपारा की निवासी है और स्थानीय स्तर पर वह लेवी वसूली, नेटवर्क विस्तार और ग्रामीणों में भय पैदा करने की जिम्मेदारी संभालती थी। ग्रामीणों के बीच उसका नाम डर और खून का पर्याय था। सूत्र बताते हैं कि पिछले कुछ महीनों से सुरक्षा बलों की लगातार दबिश और संगठन में बढ़ते अंदरूनी मतभेद ने दोनों को कमजोर कर दिया। सुरक्षा एजेंसियों ने इनके कई करीबी कैडर को या तो गिरफ्तार कर लिया था या मार गिराया था।नक्सलियों की लेवी वसूली का सिंडिकेट होगा खत्म-जयलाल-भीमे पर कुल 33 लाख का ईनाम था।

# राज्य सरकार का अंशदान नहीं मिलने से दर्जन भर रेलवे ओवर व अंडरब्रिज का काम ठप

**जगदलपुर, 13 नवंबर।** किरंदुल-विशाखापटनम रेल लाइन पर कई रेलवे फाटक हैं और यहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। इन मार्गों पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज बनाना बहुत जरूरी है, किंतु अनुबंध के बावजूद राज्य सरकार इस कार्य के लिए रेलवे को अपने हिस्से की अंश राशि नहीं दे रही है।

इसके चलते बस्तर में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज बनाने का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर स्थित केशलूर में ही युद्ध स्तर पर ओवर ब्रिज बनाने का कार्य जारी है, चूंकि इसके लिए केन्द्रीय राजमार्ग विभाग ने राशि उपलब्ध करा दी है। उल्लेखनीय है कि ढाई साल पहले ही रेलवे द्वारा करकापाल, लामनी, परपा, कुरंदी, चौकावाड़ा, मारकेल, मारेगा आदि स्थानों पर ओवरब्रिज अथवा अंडरब्रिज बनाने सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया था। लेकिन फंड के अभाव में अभी तक इसका काम आगे नहीं बढ़ पाया है।राज्य सरकार की पार्टनरशीप होती है-बताया गया कि राज्य सरकार की सड़कों पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेलवे और स्थानीय सरकार की भागीदारी रहती है। बस्तर में रेलवे लाइन के उपरोक्त क्रासिंगों पर अंडरब्रिज अथवा ओवरब्रिज बनाने के लिए रेलवे तो राशि उपलब्ध करा रही है, किंतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सर्वे के ढाई साल बाद भी राशि मुहैया नहीं कराई गई है। इसलिए उपरोक्त स्थान पर ओवरब्रिज अथवा अंडरब्रिज बनाने का काम शुरू नहीं हो पाया है।

त्रस्त हो गए हैं लोग-ज्ञात हो कि जगदलपुर से सरगीपाल-लामनी जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक से रोज 1000 से ज्यादा गाड़ियों का आना-जाना होता है, वही कुरंदी और मारेगा स्थित रेलवे फाटक से बाइपास गुजरती है और इससे भी प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन आते-जाते हैं। इधर मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के कारण प्रतिदिन कम से कम 50 बार रेल फाटक बंद किया जाता है। जंबो रैक के दौरान लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

## एक नजर

### 1008 श्री पारसनाथ मंदिर में स्थापित होगी तीर्थंकर पार्श्वनाथ की प्रतिमा

**जगदलपुर, 12 नवंबर।** दिगंबर जैन समाज जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ की नवीन प्रतिमा की स्थापना अपने मंदिर में करवाने जा रहा है। समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने बताया मंदिर जी में प्रतिष्ठा के पहले प्रतिमा के नगरागमन पर 14 नवंबर की दोपहर 2.30 बजे चारों महाराजश्री के सानिध्य में कोतवाली चौक से 1008 श्री पारसनाथ मंदिर जी में लाई जाएगी। तीर्थंकर पार्श्वनाथ की नई प्रतिमा बरगी म.प्र. में हुए पंचकल्याणक में आचार्यश्री समयसागर ने मंत्रोच्चार के साथ रवाना करवा दी है। समाज के सचिव संजय जैन ने समाज के सदस्यों से निवेदन किया है अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को आनंदमयी बनाएं।

### 53 लाख के गांजा समेत 2 तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर, 12 नवंबर।** शहर की बोधघाट पुलिस ने आड़ावाल इलाके से दो युवकों को 53 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है, जिन दो युवकों को गिरफ्तार किया है उनमें एक युवक पश्चिम बंगाल का है तो दूसरा युवक ओडिशा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक अपने पास गांजा रखे हुए हैं। इसके बाद आड़ावाल इलाके से रफी शेख उम्र 37 वर्ष निवासी मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल और बबूला पांगी व्यापारी गुड़ा ओडिशा को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत करीब 531700 रुपए आंकी गई है। दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### शिक्षादूत की हत्या के दो महीने बाद भी स्कूल में किसी को भेजा नहीं

**बीजापुर, 13 नवंबर ।** जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम नेन्द्रा में नक्सलियों के कमजोर पड़ने के साथ ही 20 साल बाद प्रथमिक शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए ग्रामीणों की मांग पर सरकार ने एक स्कूल खोलकर शिक्षादूत कल्लू ताती को यहां पढ़ाने के लिए नियुक्त किया गया, लेकिन बच्चों की प्रथमिक शिक्षा से नक्सलियों को कोई लेना देना नही है, नक्सली चाहते हैं कि यहां के बच्चे निरक्षर ही रहे। जिसके बाद 29 अगस्त को शिक्षादूत कल्लू ताती की नक्सलियों ने हत्या कर दी, शिक्षादूत की हत्या के बाद यहां शिक्षा विभाग ने भी दो महीने से कोई दूसरा शिक्षादूत नियुक्त ही नही किया गया। नक्सलियों की दहशत के कारण अब स्कूल में सन्नाटा पसरा हुआ है। जिसके चलते अब बच्चे पुनः प्रथमिक शिक्षा से वंचित हो गये हैं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद से लगातार पहल किया जा रहा है लेकिन शिक्षादूत कल्लू ताती की नक्सली हत्या की घटना से लोगों में दहशत है । शिक्षक की हत्या के बाद कोई भी युवा पढ़ाने के लिए तैयार नहीं है। एक युवा से बात हुई है, जो यहां पढ़ाने के लिए तैयार है, वे जल्द आयेंगे।

### शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेला का आयोजन 14 नवम्बर को

**कांकेर, 13 नवम्बर ।** स्कूल शिक्षा के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेला का आयोजन 14 नवम्बर दिन शुक्रवार को जिले के समस्त प्राथमिक शालाओं में किया जाएगा। समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सभी शालाओं में स्टॉल का निर्माण, मेले में स्टॉल लगाने, निगरानी और देखरेख का कार्य शाला के शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

# बस्तर जिले में 90 प्रतिशत से अधिक एसआईआर गणना फॉर्म वितरित

**जगदलपुर, 12 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन करने और त्रुटिहीन बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बस्तर जिले में आशातीत प्रगति दर्ज की गई है। नवीनतम विशेष गहन पुनरीक्षण स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार 714 मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा गणना फॉर्म वितरण का कार्य 90.48 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया है। जिसके तहत बस्तर विधानसभा क्षेत्र में 93.83 प्रतिशत, चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 92.91 प्रतिशत और जगदलपुर विधानसभा में 85.65 प्रतिशत वितरण पूरा हो चुका है। वर्तमान में कुल 5,71,694 मतदाताओं में से अब तक 5,17,255 गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही जिले में आंशिक तौर पर समाहित नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में भी गणना





पत्रक वितरण कार्य प्रगति पर है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के इस वृहद कार्य को सुगम बनाने के लिए जिला और तहसील स्तर पर मतदाताओं की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क और आईटी डेस्क स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले में गणना फॉर्म वितरण और वापस प्राप्त करने का यह कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसमें बूथ लेवल ऑफिसर एवं सुपरवाइजर के साथ ही पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोज़गार सहायक आदि मैदानी अमले महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी वालंटियर्स के रूप में नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में विशेष प्रयास करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 के डेटा से मिलान के लिए अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है और आवश्यकतानुसार विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को कृषि विभाग ने दिया प्रशिक्षण

**कांकेर, 13 नवम्बर ।** हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार समुचित कदम उठा रही है। इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के नक्सल पुनर्वास केंद्र चौगेल में कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शासन के विभिन्न विभागों के साथ-साथ कृषि विभाग में संचालित केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान समृद्धि योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, शाकम्भरी योजना, कृषि यंत्र उपकरण, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कृषक उन्नति योजना, नगदी फसलां एवं मौसमी सब्जी खेती, किचन गार्ड में सब्जी की खेती, मुर्गीपालन, दुग्ध व्यवसाय, मछली पालन, सुकर पालन, बकरी पालन सहित कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभाग उद्यानिकी, मत्स्य, पशुधन विभागों की रोजगार मूलक योजनाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के उप संचालक जितेंद्र कोमरा ने कहा कि नक्सल पीड़ित परिवारों और हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे नक्सली बेहतर जीवन के लिए कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभाग उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन जैसे मुर्गी पालन, बकरी पालन, सुकर पालन की योजना का लाभ लेकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं।

### अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 08 से 16 दिसम्बर तक, आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 13 नवम्बर ।** जाट रेजिमेन्टल सेन्टर बरेली में अग्निवीर सैनिकों के विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु भर्ती रैली का आयोजन 08 से 16 दिसम्बर के बीच बरेली में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, लिपिक एवं ट्रेड्समैन के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त भर्ती रैली में केवल भूतपूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों के पुत्र तथा सगे भाई ही पात्र होंगे।

# खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1200 आदिवासी खिलाड़ी होंगे शामिल

- एथलेटिक्स, तीरंदाजी और मल्लखम्भ खेलों का आयोजन किया जाएगा

**जगदलपुर।** भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के खेलो इंडिया योजना अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने पहली बार खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2025 की मेजबानी का दायित्व छत्तीसगढ़ के बस्तर को सौंपा है। यह गरिमामय आयोजन शहर के धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर और इन्दिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में जनवरी 2026 में होगा। जिसमें देशभर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1200 आदिवासी खिलाड़ी भाग लेंगे। बताया गया कि इस आयोजन के अंतर्गत एथलेटिक्स, तीरंदाजी और मल्लखम्भ खेलों का आयोजन किया जाएगा। योजना के तहत यह नई पहल आदिवासी युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी। राज्य खेल संचालक तनुजा सलाम ने कहा कि यह आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है, और इसके सफल संचालन हेतु समस्त आगामी तैयारियां समय पर करने के निर्देश दिए हैं। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में पारंपरिक व प्रतिस्पर्धात्मक खेल एथलेटिक्स, तीरंदाजी के साथ मल्लखंभ को प्रदर्शनात्मक रूप में शामिल किया गया है। आयोजन के लिए धरमपुरा क्रीडा परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम को प्रारंभिक चरण में स्वीकृति प्रदान की गई है।अधिकारियों ने लिया मैदानों का जायजा-बुधवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की उच्च स्तरीय दल में शामिल संचालक ममता ओझा, उपसंचालक श्रीनिवास मालेकार, गोपाल कंदपाल, आदित्य ब्रम्हे खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम, संचालनालय से अधिकारी गिरीश शुक्ल, टीएन रेड्डी तथा जगदलपुर से डीएस नेताम, वेद प्रकाश सोनी, कोटेश्वर नायडू और प्रदीप साहू मैदानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ऋषिकेश तिवारी ने दल को स्थल की जानकारी दी और आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# एनएमडीसी सेवानिवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति ने किया दस साल बाद ओपन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

**किरंदुल, 13 नवंबर।** औद्योगिक नगर किरंदुल में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनएमडीसी सेवा निवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति, किरंदुल के तत्वावधान में ओपन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीज़न) ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

जानकारी के अनुसार, नगर में लगभग दस साल बाद ओपन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों और नागरिकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ खेल भावना का परिचय देते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए।पुरस्कार वितरण समारोह में गणमान्य जनों की उपस्थिति प्रतियोगिता के अंतिम दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य जनप्रतिनिधि, ट्रेंड यूनियन पदाधिकारी, एनएमडीसी परियोजना एवं मितल प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी विशिष्ट अतिथि (Guest) के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय पुरस्कार 2000, और आकर्षक सम्मान देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु रेफरी श्री ओम नारायण को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने खेल को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं उपाध्यक्ष श्री बब्लू सिद्दीकी की अनुशंसा पर पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र सिंह ने घोषणा की कि अध्यक्ष फंड से ?1 लाख की स्टिमेंट राशि प्रदान की जाएगी। वहीं आर्सेलर मितल प्राइवेट लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह ने घोषणा की कि समिति भवन हेतु टीवी, कंप्यूटर टेबल और चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।खेल संस्कृति के संवर्धन की दिशा में सराहनीय पहलइस अवसर पर इंटक यूनियन सचिव श्री ए.के. सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समाज में सौहार्द, सहयोग और खेल भावना को प्रोत्साहित करती हैं, और यूनियन आगे भी ऐसी गतिविधियों में हर संभव सहयोग देती रहेगी।कार्यक्रम का सफल संचालन और समापनसमिति के सचिव श्री सुकुराम कश्यप ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।मंच संचालन का कार्य श्री रमेश देशमुख द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

मुख्य बिंदु-1. एनएमडीसी सेवा निवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति, किरंदुल द्वारा आयोजन। 2. दस साल बाद नगर में हुआ ओपन कैरम टूर्नामेंट।3. छात्राओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उत्साही भागीदारी। 4. प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 2000 तथा रेफरी को सम्मान। 5. अध्यक्ष फंड से 1 लाख की स्टिमेंट की घोषणा। 6. मितल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समिति भवन हेतु टीवी व फर्नीचर देने की घोषणा। 7. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, यूनियन पदाधिकारी व औद्योगिक अधिकारी उपस्थित। 8. खेल भावना और सौहार्द बढ़ाने की सराहनीय पहल।

# मंत्री ने शिक्षकों से कहा-अन्याय नहीं होने देंगे

**जगदलपुर, 13 नवंबर ।** प्रदेश शिक्षक कल्याण छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के निर्देशानुसार जिला बस्तर की जिला अध्यक्ष कृष्णा बघेल के नेतृत्व में तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष मीरा ठाकुर की उपस्थिति में आज बुधवार को वन, पर्यावरण एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट की । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्णा बघेल ने मंत्री को अवगत कराया कि 1998-99 में नियुक्त एल.वी. संवर्ग के शिक्षकों को उनके वर्षों पुराने हक व अधिकार पुरानी पेंशन से वंचित किया जा रहा है।

इस पर मंत्री केदार कश्यप ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत मामले को संज्ञान में लिया और विभाग के संसदीय



सचिव से फोन पर चर्चा कर 14 नवंबर को कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव रखने के निर्देश दिए । मंत्री ने संघ को भरोसा दिलाया कि शिक्षकों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और सरकार इस विषय पर शीघ्र न्यायोचित निर्णय लेगी।

श्रीमती बघेल ने बताया कि 1998-99 में शिक्षकों की भर्ती मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नियमित पदों पर की गई थी, जो कि नियमित पेंशन योग्य पद थे। नियुक्ति तिथि से ही उनकी सेवा पुस्तिका संधारित है, और शिक्षा विभाग से ही वेतन भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत उन्हें पुरानी पेंशन सहित समस्त लाभ दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग से चर्चा के दौरान भी यह स्पष्ट हुआ है कि यदि नियमित वेतनमान एवं इंक्रीमेंट शिक्षा विभाग से दिया जा रहा है ।

# आवारा पशुओं के मालिकों के विरुद्ध होगी एफआईआर दर्ज

**जगदलपुर, 13 नवंबर ।** नगर निगम जगदलपुर द्वारा आवारा एवं घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से आज कलेक्टर कार्यालय के आस्था हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में महापौर संजय पांडे ने कहा कि शहर की सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम, यातायात विभाग और ग्राम पंचायतों को मिलकर ठोस रणनीति बनानी होगी। महापौर ने आगे कहा नगर निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं की पहचानए उनका पुनर्वास एवं गौशालाओं का सुदृढ़ीकरण शीघ्र किया जाए, साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें आयुक्त प्रवीण वर्मा ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा विशेष टीम गठित की जा रही है, जो सड़कों से आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थलों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इसके साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा, साथ ही आयुक्त ने पशु मालिकों से निवेदन किया है वे अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें और निर्धारित स्थलों पर ही रखें। पहली बार आवारा पशु पकडने जाने पर कांजी हाऊस का निर्धारित शुल्क लिया जाएगा तथा दोबारा पकडे जाने पर दुगुना शुल्क वसूला जाएगा एवं एफ.आई.आर. किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित पार्षदगण एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सभी ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही संयुक्त कार्रवाई अभियान प्रारंभ किया जाएगाए जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र की सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जाएगी तथा वार्ड स्तर पर निगरानी दलों का गठन किया जाएगा।बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षदगण आशा साहू, श्रीमती बसंती समरथ, जाहिद हुसैन, अफरोज़ बेगम, सरपंच जयन्ती कश्यप सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव, यातायात विभाग के डीएसपी संतोष जैन, डॉ आलोक भार्गव, विनय श्रीवास्तव, राकेश यादव, उपस्थित रहे।

### सहकारी समिति कर्मचारी संघ की जायज मांगों का शासन समाधान करें: रेखचंद

जगदलपुर, 13 नवंबर । पूर्व विधायक, संसदीय सचिव रेखचंद जैन बस्तर संभाग सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में अपनी चार सूत्री मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में बैठे कर्मचारियों की मांगो का धरना स्थल पर पहुंच कर समर्थन किया , पर्व विधायक ने कहा सहकारी समिति कर्मचारी संघ की मांग जायज है, सहकारी समिति शासन की महत्वपूर्ण कड़ी है जो की धान खरीदी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

# विश्व हिंदू परिषद ने जिला प्रशासन से गौ-चर भूमि से अवैध कब्जे हटाने की मांग की



**जगदलपुर, 13 नवंबर ।** विश्व हिंदू परिषद, जिला बस्तर ने जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी, जगदलपुर को एक ज्ञापन सौंपकर ग्राम करकापाल (पंचायत बिलोरी, तहसील जगदलपुर) की गौ-चर (चारागाह) भूमि पर हुए अवैध कब्जों को तत्काल हटाने की मांग की है। पत्र में परिषद ने बताया कि ग्राम करकापाल की खसरा भूमि क्रमांक 221 कुल रकबा 0.320 हेक्टेयर क्षेत्र चारागाह के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिसका उपयोग परंपरागत रूप से पशुओं के चराई हेतु किया जाता रहा है, किंतु वर्तमान में उक्त भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया है, जो शासन के नियमों का उल्लंघन एवं शासकीय भूमि पर अनधिकृत कब्जे की श्रेणी में आता है। विश्व हिंदू परिषद ने यह भी उल्लेख किया कि ग्रामवासियों द्वारा 16 जुलाई 2015 को इस संबंध में जिला प्रशासन को आवेदन प्रस्तुत किया गया था, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई हैं।

# छात्रावासों में अनियमितता को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर, 13 नवंबर।** बस्तर जिले के आदिवासी विकास विभाग के अधीन संचालित विभिन्न छात्रावासों में हो रही गंभीर अनियमितताओं, अधीक्षकों की अनुपस्थिति, अवैध वसूली तथा गुणवत्ताहीन व्यवस्था को लेकर आज बुधवार को युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप के नेतृत्व में युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने सहायक आयुक्त,आदिवासी विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अधिकांश



छात्रावासों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है । अधीक्षक लगातार अनुपस्थित रहते हैं, जिससे छात्रावासों की दैनिक व्यवस्था पूर्णतः अस्त-व्यस्त हो चुकी है। विद्यार्थियों को भोजन, स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं अध्ययन सामग्री जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित रहना पड़ रहा है। छात्रावासों में परोसे जाने वाले भोजन एवं अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग गणेश सोरी ने ज्ञापन सौंपते हुए युवा कांग्रेस ने अपील किया है, कि शीघ्र जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की जावें।

## एक नजर

### अवैध धान परिवहन पर रोकने कलेक्टर ने सीमावर्ती चेकपोस्टों का किया निरीक्षण



**महासमुंद, 13 नवम्बर ।** कलेक्टर विनय लंगेह ने आज आगामी धान खरीदी सीजन के मद्देनज़र ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। उन्होंने सराईपाली विकासखंड के ग्राम राजाडीह तथा बसना विकासखंड के ग्राम अंकोरी में स्थापित चेकपोस्टों का स्थल निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।कलेक्टर श्री लंगेह ने चेकपोस्टों में तैनात राजस्व, पुलिस एवं सहकारी विभाग के अमले को अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए ताकि अन्य राज्यों से अवैध धान की आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इसके उपरांत कलेक्टर ने सहकारी समिति पहुंचकर आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में तौल, भंडारण, परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### कलेक्टर ने किया ई.एफ. वितरण एवं वालंटियर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद, 13 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने आज तहसील सरायपाली के विभिन्न ग्रामों में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम केजुआ में बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची के ई.एफ. वितरण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर श्री लंगेह ने उपस्थित बीएलओ को शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र मतदाताओं तक प्रपत्र समय पर पहुंच सकें।इसी क्रम में उन्होंने ग्राम कुटेला में एस आई आर अभियान से संबंधित वालंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में शामिल वालंटियर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं कार्य पद्धति की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता तक पहुंच बनाकर अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जाए।

### 15 नवम्बर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी



**महासमुंद, 13 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। आगामी 15 नवम्बर से जिले में धान खरीदी कार्य प्रारंभ होगा। इसके पूर्व आज जिले के सभी 182 उपार्जन केंद्रों में ट्रायल रन किया गया, ताकि खरीदी कार्य सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से हो सके।

कलेक्टर श्री लंगेह के निर्देशानुसार सभी 74 नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने केंद्रों में जाकर 29 बिंदुओं की चेकलिस्ट के आधार पर तैयारी का परीक्षण किया। इस दौरान गोदाम, तोल कांटा, कंप्यूटर प्रणाली, किसान पंजीयन सूची, बारदाना उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई तथा इसकी रिपोर्ट कंट्रोल यूनिट को भेजी गई।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी केंद्रों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इस वर्ष 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि गत वर्ष 11 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। जिले में कुल 1 लाख 65 हजार 288 किसान पंजीकृत हैं जो अपने धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर कर सकेंगे। खरीदी प्रक्रिया की सतत निगरानी के लिए कंट्रोल कमांड यूनिट स्थापित किया गया है तथा जिलेभर में 16 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां से धान परिवहन और खरीदी गतिविधियों की वास्तविक समय में निगरानी की जाएगी। किसानों को पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु प्रशासन पूरी तत्परता से तैयार है। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के परिश्रम का मूल्य उन्हें समय पर और सम्मानपूर्वक मिले, यही हमारी प्राथमिकता है।

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत अफसरों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**महासमुंद, 13 नवंबर।** छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में महासमुंद जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्थानीय आत्मानंद विद्यालय सभाकक्ष में आज बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत नए प्रतिषेध अधिकारियों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिषेध अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम के कानूनी प्रावधानों, रिपोर्टिंग तंत्र और सामुदायिक भागीदारी पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, केंद्र सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की उपलब्धियों और रणनीतियों और बाल संरक्षण अधिनियम पर भी प्रकाश डाला गया, जो बालिकाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत जानकारी दी गई।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री देवीचंद राठी ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह के मामले छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत कम है लेकिन फिर भी जो कुछ चुनिंदा मामले हैं।

# हमारे गांव में हमारा राज! ग्रामीणों ने रचा इतिहास, पुरुंगा जनसुनवाई स्थगित, पेसा कानून की ताकत बनी मिसाल





**धरमजयगढ़,13 नवंबर।** मेसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (अडानी समूह) की प्रस्तावित पुरुंगा भूमिगत कोयला खदान परियोजना (869.025 हेक्टेयर) को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार ग्रामीणों की एकजुटता के आगे झुक गया। शासन ने पुरुंगा जनसुनवाई को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह फैसला पांचवीं अनुसूची क्षेत्र और छत्तीसगढ़ पेसा कानून 2022 की मिसाल पेश करता हुआ, ग्रामीण एकता की ऐतिहासिक जीत साबित हुआ है।

जनसुनवाई की घोषणा के बाद से ही प्रभावित ग्राम पंचायत पुरुंगा, सामरसिंघा और तेंदुमुरी के ग्रामीणों ने पेसा कानून का हवाला देते हुए विरोध तेज कर दिया था। विशेष ग्राम सभाओं में जनसुनवाई निरस्त करने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके पश्चात ग्रामीण प्रतिनिधि लगभग 100 किलोमीटर की यात्रा कर 22 अक्टूबर को रायगढ़ जिला कलेक्टर से मिले, और प्रस्ताव की प्रति सौंपकर जनसुनवाई निरस्त करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन ने 24 घंटे में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, पर 14 दिन बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया। गुरुवार 6 अक्टूबर को हजारों की संख्या में ग्रामीण,महिला पुरुष धरमजयगढ़ से रायगढ़ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उनके समर्थन में विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक उमेश पटेल, आदिवासी नेता महेंद्र सिदार सहित सामाजिक कार्यकर्ता जयंत बहिदार, राजेश त्रिपाठी, अनिल अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।प्रशासन ने कलेक्टोरेट के बाहर कड़ी बैरिकेटिंग कर ग्रामीणों को अंदर प्रवेश से रोका, लेकिन ग्रामीणों का विरोध देर रात तक जारी रहा। रात्रि 9ः30 बजे तक ग्रामीण वहीं डटे रहे, और खुले आसमान के नीचे भोजन बनाकर ठहरने की तैयारी करने लगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मीडिया से कहा था कि 11 नवंबर की जनसुनवाई निरस्त नहीं की जा सकती पर ग्रामीण संविधान और पेसा कानून के तहत अपनी मांग पर अडिग रहे।

**अगले दिन सुबह फिर वही नारे गूंजे —** अडानी की जनसुनवाई निरस्त करो !हमारे गांव में हमारा राज !ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मिलने की अपील की, लेकिन कलेक्टर के न मिलने से आक्रोश और गहराया। निराश ग्रामीण देर शाम बैरंग लौटे, पर आंदोलन थमा नहीं।8 नवंबर को प्रभावित गांवों में सामूहिक बैठक हुई, जहां ग्रामीणों ने दोबारा पेसा कानून और पांचवीं अनुसूची की शक्ति का हवाला देते हुए आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।उसके बाद जनसुनवाई स्थल के मार्गों को ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण ढंग से बंद कर दिया, ताकि कोई प्रशासनिक दल वहां न पहुंच सके। महिला, पुरुष और युवाओं ने जंगलों में डेरा डाल लिया, रात में आग जलाकर ठंड से जूझते हुए पहरा देते रहे। विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण लेकिन बुलंद आवाज़ वाला रहा – जनसुनवाई रद्द करो, हमारे गांव में हमारा राज। अंततः प्रशासन को ग्रामीणों की मांग के आगे झुकना पड़ा और 11 नवंबर की जनसुनवाई स्थगित कर दी गई।अब पुरुंगा, सामरसिंघा और तेंदुमुरी के ग्रामीणों का यह आंदोलन पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों की एकजुटता और संवैधानिक अधिकारों की समझ ने पेसा कानून के अनुपालन की मिसाल कायम की है। हमारे गांव में हमारा राज–यह नारा अब धरमजयगढ़ से गूंजकर पूरे प्रदेश में प्रेरणा बन गया है।

### ठग ने खुद को बताया सीबीआई अफसर मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर

# रिटायर्ड शिक्षक से की 23 लाख की ठगी



**रायगढ़,13 नवंबर।** जिले में रिटायर्ड शिक्षक से 23 लाख रुपए से अधिक की ठगी की गई है। ठग ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर बैंक खाते की जांच का झांसा दिया और अलग-अलग किस्तों में पैसे अपने खाते में जमा करा लिए। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम जतरी के रहने वाले गरुड़ सिंह पटेल (72) रिटायर्ड शिक्षक हैं। 10 अक्टूबर को उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल है। उनके नाम पर मुंबई में एक बैंक खाता खोला गया है, जिसकी जांच की जा रही है। ठग ने उन्हें सीबीआई जांच में सहयोग करने और किसी को इसकी जानकारी नहीं देने की हिदायत दी। साथ ही धमकी दी कि बात फैलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद लगातार फोन कर ठग ने उन्हें बैंक खाते में जमा रकम को अलग-अलग खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा और भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने पर उनकी पूरी राशि वापस कर दी जाएगी।

गरुड़ सिंह पटेल ने 10 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के बीच अलग-अलग तारीखों में कुल 12 किस्तों में 23 लाख 28 हजार 770 रुपए जमा किए। उन्होंने यह राशि ठग के बताए गए खातों में यूपीआई, पेटीएम और आरटीजीएस के माध्यम से भेजी। बाद में ठग वॉट्सऐप मैसेज के जरिए खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए गिरफ्तारी और रकम की जांच का हवाला देता रहा। संदेह होने पर 30 अक्टूबर को गरुड़ सिंह पटेल ने मोबाइल के माध्यम से पूरी जानकारी अपने बेटे सुदर्शन सिंह पटेल को दी, जो जशपुर जिले के बगीचा में शिक्षा विभाग में पदस्थ है। सुदर्शन सिंह ने मामले की शिकायत साइबर विभाग में दर्ज कराई। वहीं गरुड़ सिंह पटेल ने पुसौर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 66डी-एलसीजी और 318(4)-बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आयुष्मान भारत योजना से नन्दा हॉस्पिटल का पंजीयन तीन माह के लिए निलंबित

**धमतरी, 13 नवम्बर ।** आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राप्त एक शिकायत पर जिला एवं राज्य स्तर से की गई जांच में धमतरी स्थित नन्दा हॉस्पिटल को दोषी पाए जाने पर उसके पंजीयन को आगामी तीन माह की अवधि के लिए निलंबित किया गया है।

शिकायतकर्ता श्री संजय पटेल पिता जागेश्वर पटेल द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत नन्दा हॉस्पिटल द्वारा उनके इलाज के दौरान अतिरिक्त नगद राशि वसूल की गई। शिकायत के परीक्षण के उपरांत जिला कार्यालय एवं राज्य नोडल एजेंसी द्वारा योजना के नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। परियोजना संचालक राज्य नोडल एजेंसी, नवा रायपुर द्वारा जारी पत्र नवा रायपुर, दिनांक 07.11.2025 के अनुसारए प्राप्त शिकायत सत्य सिद्ध होने पर नन्दा हॉस्पिटल को योजना से तीन माह हेतु निलंबित करने तथा हितग्राही से वसूल की गई राशिबत्तीस हजार पांच सौ रुपयेद्ध वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्त आदेश के अनुसार आगामी तीन माह की अवधि में नन्दा हॉस्पिटल, धमतरी द्वारा किसी भी आयुष्मान कार्डधारी मरीज का इलाज नहीं किया जा सकेगा।जिला प्रशासन द्वारा यह सूचना जनहित में जारी की जा रही है। समस्त नागरिकों से अपील है कि वे आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कार्यालय में तुरंत सूचना दें।

# शंकराचार्य युनिवर्सिटी के वार्षिक उत्सव में दो गुटों के बीच मारपीट




**भिलाई, 13 नवंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के जुनवानी स्थित शंकराचार्य यूनिवर्सिटी में एनुअल फंक्शन का कार्यक्रम था लेकिन वार्षिक उत्सव के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया यूनिवर्सिटी प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह छात्रों को वहां से हटाया, लेकिन विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ छात्र गुटों में मारपीट यूनिवर्सिटी में हंगामे के बाद दोनों गुटों के छात्र स्मृति नगर चौकी के सामने फिर से भिड़ गए वहां भी जमकर मारपीट करने लगे इस दौरान कई छात्रों को चोटें आईं मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है. जिसमें छात्र एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं छात्रों को आई चोटें, कई के खिलाफ केस दर्ज भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने घटना की जानकारी दी शंकराचार्य यूनिवर्सिटी में एनवल फंग्शन के दौरान दो गुटों में मारपीट हुई मारपीट के बाद दोनों गुट के कुछ छात्रा स्मृति नगर चौकी के सामने भी बहस करने लगे मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छात्रों को समझाया और वहां से हटाया इस घटना में छात्र ईशान चंद्रवंशी को चोटें आई है छात्र की रिपोर्ट पर आदित्य गिरी और अन्य छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है छात्रों से पूछताछ जारीभिलाई नगर सीएसपी ने कहा कि दो छात्रों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है जो भी छात्र इस झगड़े में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी

# कचरा फेंकने वालों पर निगम रख रहा सीसीटीवी कैमरे से नजर



**रायगढ़।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने और सडक़ पर गंदगी फैलाने वालों पर रोक लगाने निगम ने सख्त रुख अपनाया है। स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को निगम की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर सडक़ पर कचरा व गंदा पानी फेंकने एवं सडक़ निर्माण सामग्री रख सडक़ बाधा के तीन मामले के विरुद्ध 15 हजार रुपए पेनाल्टी कार्रवाई की गई।

बुधवार की सुबह निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुभाष चौक मुख्य सडक़ के किनारे कचरा पड़ा मिला। इस दौरान कमिश्नर ने चौक पर लगे सीसीटीवी को देखकर कचरा फेंकने वाले पर जुर्माना कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीसीटीवी खंगाला गया। सीसीटीवी में सुभाष चौक स्थित आलोक ड्रेस से बॉक्स में भरकर कचरा सडक़ किनारे स्टाफ द्वारा फेंकने की बात सामने आई। इसपर आलोक ड्रेसेस के संचालक पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह एकार्ट होटल प्रबंधन द्वारा सडक़ पर पानी बहाने और सफाई का अपशिष्ट सीधे सडक़ पर छोडऩे पर 5000 रुपए एवं कोतरा रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के बगल में बन रहे बिल्डिंग के निर्माण सामग्री सडक़ पर रखने पर मकान मालिक लखन ठाकुर पर भी 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। जहां भी सडक़ या सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने, कचरा फेंकने या पानी बहाने की शिकायत मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर को कचरा मुक्त रखना और स्वच्छ रखना एवं सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।उन्होंने शहर के सभी व्यवसायियों एवं नागरिकों से अपने संस्थान और घरों के समान ही आस-पास सफाई बनाए रखने और कचरा सडक़ पर या इधर उधर नहीं फेंकने की बजाय घर-घर पहुंचने वाले निगम की स्वच्छता दीदियों के रिक्शा और वाहनों को ही सूखा और गीला कचरा अलग अलग देने की अपील की है।निगम प्रशासन द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहा, मुख्य सडक़ों पर अब सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। ऐसे में सडक़ किनारे कहीं पर भी कचरा दिखे तो आसपास के सीसीटीवी के एक्सेस को भी खंगाला जाएगा। इस आधार पर जिसके द्वारा भी सडक़ों पर या अन्य सार्वजनिक स्थान, गली मोहल्ले में कचरा फेका जाएगा। उसपर सीधे तौर पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में ऐसे मामलों में जुर्माने की राशि बढ़ाई जा सकती है और बार-बार उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर व अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

# ननकठी में बदमाशों ने एटीएम को उखाड़कर ले जाने का प्रयास किया



**भिलाई, 13 नवंबर।** भिलाई ठंड बढ़ने के साथ ही अपराधियों में सक्रियता बढ़ने लगी है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण बीती रात दुर्ग जिले के नंदिनी थाना क्षेत्र में देखने को मिला है यहां ननकठी में बदमाशों ने एटीएम को उखाड़कर ले जाने का सनसनीखेज प्रयास किया है। वारदात के दौरान बदमाशों ने बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे मार दिया। जिससे बदमाशों का फुटेज ठीक से नजर नहीं आ रहा है। सड़क के किनारे बने बूथ से एटीएम को उखाड़ने के बाद बदमाशों ने अपने साथ लाए मेटाडोर वाहन में उसे लोड कर लिया था। तभी घर वाले जाग गए और बाहर निकले तो उन्हें देखकर 7 से 8 की संख्या में वारदात को अंजाम देने पहुंचे बदमाश उल्टे पांव भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मेटाडोर वाहन के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश शुरू कर दिया है बीती रात नंदिनी थाना क्षेत्र के ननकठी में हिताची कंपनी के एटीएम को उखाड़कर ले जाने का प्रयास घर वालों के जाग जाने से सफल नहीं हो सका। इस वारदात को रात दो से ढाई बजे के बीच अंजाम दिया गया। बदमाश वारदात को अंजाम देने टाटा कंपनी की मेटाडोर वाहन सीजी 07 एवी 1310 लेकर पहुंचे थे। हिताची कंपनी के एटीएम को उखाड़ने के बाद बदमाशों ने उसे मेटाडोर वाहन में लोड कर दिया था। लेकिन तभी आवाज सुनकर एटीएम बूथ के बगल में रहने वाले परिवार के लोगों की नींद खुल गई। कुछ गलत होने की आशंका से घर वाले बाहर निकले तो उनको देखकर बदमाश मेटाडोर वाहन छोड़कर भागने लगे। घर वालों ने कुछ दूर तक उनका पीछा किया। लेकिन 7 से 8 की संख्या में संभावित बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर गायब हो गए। सूचना पर नंदिनी पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है चोरी की मेटाडोर का किया उपयोग एटीएम उखाड़ने के बाद उसे ले जाने के लिए जिस मेटाडोर वाहन का उपयोग बदमाशों द्वारा किया जा रहा था, वह चोरी की थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलगांव थाना क्षेत्र के गनियारी से इस मेटाडोर वाहन की चोरी की गई है। लिहाजा माना जा रहा है कि एटीएम उखाड़कर ले जाने के लिए बदमाशों ने पुलिस को चकमा देने के मकसद से पहले मेटाडोर वाहन को चुराया और फिर ननकठी पहुंचे। नतीजतन मौके पर मेटाडोर वाहन छोड़कर भागने के बावजूद आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को काफी ज्यादा मशक्कत करनी पड़ रही है। फिलहाल आरोपियों तक पहुंचने ननकठी में एटीएम बूथ के नजदीक और गनियारी में मेटाडोर चोरी वाली जगह के आसपास लगी सीसीटीवी कैमरे का फुटेज पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है।

# जिले के 149 उपार्जन केन्द्रों में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर की जाएगी धान की खरीदी

**कांकेर, 13 नवम्बर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाना है। धान खरीदी हेतु जिले 91726 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन किया गया है। पंजीकृत किसानों से 118 समिति (लेम्पस) अंतर्गत 149 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य किये जाने हेतु उपार्जन केन्द्र स्तर पर नोडल अधिकारी निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा जिले के उपार्जन केन्द्रों में अन्य राज्यों से कोचियों/बिचौलियों द्वारा धान लाकर बेचने को रोकने हेतु जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में 13 चेक पोस्ट एवं जिला स्तर पर 05 चेक पोस्ट कुल 18 चेक पोस्ट बनाई गई है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिला एवं तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दलों का भी गठन किया गया है, जिन्हें आई.डी. पासवर्ड जारी किया गया है। उनके द्वारा उपार्जन केन्द्रों एवं चेक पोस्ट का नियमित रूप से निरीक्षण व पर्यवेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर किसानों की सुविधा हेतु जिला कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर (मोबाइल नम्बर 9755035321) की स्थापना की गई है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विशाल एकता यात्रा निकाली गई



**रायगढ,13 नवंबर।** राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले में आज ऐतिहासिक और भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी व लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया की अगुवाई में 12 किलोमीटर लंबी यह विशाल एकता पदयात्रा घरघोड़ा से तमनार तक निकाली गई, जिसमें हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी जनप्रतिनिधि अपने हाथों में तिरंगा ध्वज थामे जब 'भारत माता की जय', 'छत्तीसगढ़ महतारी की जय' और 'सरदार पटेल अमर रहें' के नारे लगाते हुए आगे बढ़े, तो पूरा मार्ग देशभक्ति और एकता के जोश से गूंज उठा। कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज लेकर किया गया मार्च इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ घरघोड़ा स्थित गायत्री मंदिर परिसर से हुआ। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, सरदार वल्लभभाई पटेल और महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक और सरदार पटेल के प्रेरक प्रसंगों ने वातावरण को एकता और राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर कर दिया। रैली का मार्ग जयस्तंभ चौक, कारगिल चौक, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, झांका दरहा, देवगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल, जरेकेला, बरभाठा, राम मंदिर चौक से होते हुए तमनार के स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान तक रहा। मार्ग में ग्रामीणों और युवाओं ने पुष्पमाला से एकता दौड़ का भव्य स्वागत किया। आमसभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए गौरव का वर्ष है। हम छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की कल्पना से यह राज्य अस्तित्व में आया और आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके पास कोई निजी संपत्ति नहीं थी, यह उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। हमारा देश धन संचय करने वालों का नहीं, त्याग करने वालों का आदर करता है। उन्होंने नागरिकों को स्वदेशी अपनाने, भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग और अन्यों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी को पदयात्रा सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ग्राम देवगढ़ और तमनार में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय जन मांगों को ध्यान में रखते हुए घोषणा की कि घरघोड़ा के अमलीडीह से डोकरमुड़ा तथा जिवरापानी से कुरुंजखोल तक सडक़ निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाएगा। इन सडक़ों के बनने से ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने घरघोड़ा अस्पताल में डायलिसिस यूनिट, बर्न यूनिट एवं नई एम्बुलेंस की शीघ्र व्यवस्था किए जाने की भी घोषणा की। इसी तरह उन्होंने तमनार में पालीघाट से जोबरो तक, बरकसपाली से रेंगालपाली एवं कांटाझरिया से देवगांव तक पक्की सडक़ का निर्माण के लिए भी घोषणा की। हाईस्कूल ग्राउण्ड को आदर्श स्टेडियम के रुप में विकसित किया जाएगा। तमनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एडवांस लाइफ सिस्टम एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। विद्यार्थियों के मांग अनुसार महाविद्यालय के बाउण्ड्रीवाल एवं स्नातकोत्तर कक्षा के लिए नवीन कक्ष निर्माण किया जाएगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने देवगढ़ में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया।

# अवैध धान भंडारण व परिवहन पर निगरानी के लिये टीम को करें एक्टिव : कलेक्टर

» तीन दिन में शतप्रतिशत थोक व फुटकर व्यापारियों सहित मिलर्स का सत्यापन करने के निर्देश

» कलेक्टर ने धान खरीदी तैयारी की समीक्षा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को खाद्य, सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारियो की बैठक लेकर धान खरीदी की तैयारी एवं अवैध धान पर कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होने मण्डी सचिव एवं उप निरीक्षकों द्वारा सुस्त कार्यवाही पर फटकार लगाते हुए अगले तीन दिन में शतप्रतिशत थोक एवं फुटकर व्यापारी सहित मिलर्स का सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम को सक्रिय करें। इसके साथ ही सभी 12 जांच नाका को भी सक्रिय करें। धान खरीदी अगले दो दिन बाद शुरू हो रहा है इसके लिये सभी तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी के दौरान कहीं भी अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन की शिकायत मिलने पर सम्बधित क्षेत्र के मण्डी सचिव की जिम्मेदारी होगी और संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए समितियों में बरदाने की उपलब्धता सहित अन्य तैयारी की जानकारी ली अधिकारियों ने बताया कि 15 दिन खरीदी के लिये बारदाने सभी समितियों में उपलब्ध है। धान खरीदी हेतु बुधवार को सभी समितियों में ट्रायल रन भी किया गया है।कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन हेतु छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराएं, किसानों का केसीसी बनाएं। उन्होंने सम्पर्क केन्द्र में स्थापित जिला कंट्रोल रूम को एक्टिव करते हुए शिकायत, सुझाव पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने सम्पर्क केन्द्र से सभी चेक पोस्ट एक्टिवेशन की जानकारी लेने के निर्देश दिये।

# ट्रक से 660 बोरा धान मंडी की टीम ने किया जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 13 नवम्बर।** कृषि उपज मंडी समिति डोंगरगढ़ द्वारा मंडी परिसर क्षेत्र में बिना अनुज्ञा प्राप्त किए कृषि उपज के अवैध व्यापार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। मंडी सचिव बसंत ठाकुर के निर्देश पर गठित टीम ने निरीक्षण के दौरान ऐसे व्यापारियों को पकड़ा जो मंडी के बाहर अवैध रूप से उपज की खरीदी-बिक्री कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि महाराष्ट की एक ट्रक में बोरतलाव चेकपोस्ट से होते हुए अवैध रूप से धान भरकर लाया जा रहा है। जिसके बाद कार्रवाई के दौरान टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 22 डब्ल्यू 9268 को जब्त किया, जो कृषि उपज के अवैध परिवहन में उपयोग किए जा रहे थे। मौके पर विक्रेता माया राइस मिल खमारी महाराष्ट द्वारा क्रेता डीएम एग्रो इंडस्ट्रीज राजनांदगांव भेजा जा रहा था। ट्रक से 660 कट्टा में 303 क्विंटल धान बरामद कर मंडी ने अपनें सुपुर्द कर आगें जांच में लिया है। कार्रवाई के दौरान मौके पर उपज का नमूना परीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया और जब्त सामग्री को मंडी परिसर में सुरक्षित रखा गया। मंडी प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में बिना लाइसेंस के उपज की खरीदी-बिक्री या परिवहन पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों और व्यापारियों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत मंडी में ही लेन-देन करें ताकि उन्हें सरकारी नियमों के तहत उचित मूल्य और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ मिल सके।

## एक नजर

### पलारी में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 17 को

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा जनपद पंचायत पलारी में 17 नवम्बर 2025 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक अलर्ट सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 54 पद, असिस्टेंट सुपरवाइजर 10, सिक्योरिटी सुपरवाइजर 4, एजेंट 54, टेंडर 2 एवं मार्केटिंग के 4 पद, शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवी, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, उम्र 20 से 50 वर्ष, अनुभव 0-2 वर्ष, वेतन 10 हजार से 16 हजार रूपये पदानुसार देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर छत्तीसगढ़ होगा।जिंदल स्टील लिमिटेड मंदिर हसौद रायपुर द्वारा अप्रेंटिसशीप के लिए मशीनीष्ट के 40 पद, टर्नर 30, फिटर 10 एवं वेल्डर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण, स्टाइपेंड 14 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727- 299443 में सम्पर्क कर सकते है।

### समाधान सेल में प्राप्त सूचनाओं पर लगातार की जा रही है कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। समाधान सेल में प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों पर प्रेषित कार्यवाही के लिए समय सीमा भी निर्धारित की गई है, जिसमें जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट हिदायत देते हुए समाधान सेल की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समयसीमा में तस्दीक एवं जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही समाधान सेल में सूचना एवं शिकायत प्रेषित करने वाले सूचनाकर्ता अथवा आवेदक की पहचान भी सर्वथा गुप्त रखी जा रही है। समाधान सेल में दिनांक 05.05.2025 से दिनांक 10.11.2025 तक कुल 443 सूचनाएं/शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए 94 शिकायतों पर प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया है एवं 54 शिकायतों पर संबंधित के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही शेष 288 सूचना एवं शिकायतों की जांच एवं तस्दीक कर उक्त सूचनाओं पर प्रमाणीकरण की कार्रवाई की गई। समाधान सेल में प्राप्त सूचनाओं पर कई उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्रवाई भी की गई है। समाधान सेल में जुआ खेलने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा जुआरियों से ?27, 200 रकम की जप्ती करते हुए अपराध क्रमांक 265/2025 धारा 3(2) जुआ एक्ट की कार्यवाई किया गया है।

## जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने चलाया ऑपरेशन क्लीन स्वीप

# कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों पर कसा जा रहा है शिकंजा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर।** 11 नवम्बर को ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री, अवैध चखना सेंटर का संचालन करने वाले कुल 30 लोगों के विरुद्ध की गई। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 165 वाहन चालकों के विरुद्ध की गई है। मोटर व्हीकल के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कारवाई शांति व्यवस्था बाधित करने वाले कुल 47 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई है प्रतिबंधात्मक कार्यवाही क्षेत्र अंतर्गत निवासरत गुंडा एवं निगरानी बदमाशों के निवास स्थान पर जाकर उनकी सतत् चेकिंग की जा रही है। पुलिस द्वारा अड्डे बाजी करने वाले विशेषकर युवा वर्ग की चेकिंग कर, उनके द्वारा अपने हाथ में धारण किए गए अभी तक 29 लोहे के चुडा/कड़ा जप्त किया गया। क्षेत्र में बेवजह घूमने वाले, ग्रुप बनाकर बैठने वाले युवा वर्ग तथा मुसाफिर आदि की चेकिंग कर कुल 97 लोगों का फिंगरप्रिंट लिया गया।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा अपराधिक कृत्यों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसने हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन क्लीन स्वीप प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने, अवैध चखना सेंटर का संचालन करने, सार्वजनिक स्थान में बैठकर शराब पीने, अड्डे बाजी करने वाले लोगों की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके साथ यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले तथा शांति व्यवस्था बाधित करने वाले लोगों के विरुद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है।

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत दिनांक 11.11.2025 को अवैध रूप से शराब बिक्री, अवैध चखना सेंटर का संचालन एवं सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वाले कुल 30 प्रकरण में 30 आरोपियों को आबकारी एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 165 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई है। इसके साथ ही शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 46 प्रकरण में कुल 47 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई भी की गई है।

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की घर-घर जाकर चेकिंग की जा रही है तथा उन्हें परिवार सहित शांतिपूर्वक, कानून व्यवस्था का पालन करने हेतु हिदायत भी दी जा रही है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज की जा रही है। साथ ही अड्डे बाजी करने वाले एवं युवा वर्ग पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए उनकी चेकिंग कर, 29 नग लोहे के खतरनाक चूड़ा/कड़ा उनके हाथों से उतरवा कर जप्त किया गया है तथा उन्हें फिर से ऐसे खतरनाक चूडा/कड़े धारण नहीं करने हेतु कडाई पूर्वक हिदायत दिया गया है। अभियान में क्षेत्र अंतर्गत बेवजह घूमने वाले, ग्रुप बनाकर बैठने वाले युवा वर्ग तथा मुसाफिर आदि की चेकिंग कर कुल 97 लोगों का फिंगरप्रिंट भी लिया गया है।

# खड़े ट्रक से बैटरी चोरी करने वाले युवक को पुलिस न किया गिरफ्तार

- आरोपी ने न्यूविस्टा सीमेंट प्लांट रिसदा के ट्रक यार्ड में खड़े ट्रक से की बैटरी चोरी
- बैटरी चोरी कर आरोपी स्कॉर्पियो वाहन से फरार होने की फिराक में पकड़ा गया
- आरोपी से 6000 कीमत मूल्य का 2 नग बैटरी की गई बरामद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर।** प्रार्थी महेश सिंह कुशवाहा सिक्योरिटी ऑफिसर न्यूविस्टा सीमेंट प्लांट रिसदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 11 नवम्बर को ट्रक यार्ड नंबर 1 में सुरक्षा गार्ड के माध्यम से पता चला कि शाम करीबन 07:30 बजे आरोपी जयप्रकाश साहू ट्रक यार्ड में खड़े गाड़ी का बैटरी निकालकर, स्कॉर्पियो वाहन में डाल रहा है, जिस पर ट्रक यार्ड में जाकर देखा तो ट्रक क्र. CG04 NY 6003 का 02 नग बैटरी निकला हुआ था तथा आरोपी द्वारा उक्त ट्रक की दोनों बैटरी को स्कॉर्पियो वाहन क्र. CG10 V4627 में चोरी कर फरार होने की नीयत से डाल कर रखा हुआ था। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1109/2025 धारा 305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा न्यूवोको सीमेंट प्लांट ट्रक यार्ड में खड़े ट्रक से 02 नग बैटरी चोरी कर स्कॉर्पियो वाहन में फरार होने की कोशिश में पकड़ा जाना स्वीकार किया गया। आरोपी से चोरी का 02 नग बैटरी कीमती ?6000 बरामद कर तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को 12 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम जयप्रकाश साहू उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मिरगी थाना भाटापारा ग्रामीण है।

# 50 हजार की रिश्वत लेते नायब तहसीलदार रंगे हाथों गिरफ्तार

**बिलासपुर, 13 नवम्बर।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने शनिवार को सीपत तहसील में एक बड़ी कार्रवाई अंजाम दी. यहां के नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया. अधिकारी किसान की जमीन की फौती दर्ज करने और नामांतरण के लिए अवैध रकम मांग रहा था. डीएसपी एसीबी बिलासपुर अजितेश सिंह ने बताया कि ग्राम बिटकुला निवासी प्रवीण पाटनवार ने 30 अक्टूबर को शिकायत की थी कि उसकी दिवंगत मां के नाम पर 21 एकड़ कृषि भूमि है. फौती दर्ज कर रिकॉर्ड में उसका और उसके भाई-बहनों का नाम जोड़ने के बदले नायब तहसीलदार कुर्रे ने 1.50 लाख रुपए की मांग की थी. शिकायत की जांच में आरोप सही पाए गए. सत्यापन के दौरान आरोपी ने 1.20 लाख रुपए में सौदा तय कर लिया, जिसके बाद एसीबी ने ट्रैप की तैयारी की. 10 नवंबर को आवेदक को 50 हजार रुपए की पहली किस्त देकर भेजा गया. आरोपी ने यह रकम एनटीपीसी सीपत स्थित कॉफी हाउस में ली. जैसे ही उसने पैसे स्वीकार किए, पहले से घात लगाए एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया. रिश्वत की पूरी राशि आरोपी से बरामद कर ली गई है. अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया एसीबी ने आरोपी नायब तहसीलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि रिश्वतखोरी के खिलाफ यह मुहिम लगातार जारी रहेगी.


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202511092200015**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- गौतम रामटेके,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम रामटेके आ. सीता राम रामटेके जाति महार सा. इंदिरा नगर वार्ड नम्बर 05 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता मुका बाई पति सीता राम रामटेके का मृत्यु दिनांक 03.03.2022 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.11.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

ई कोर्ट नं.........
ग्राम-चरोटा
तहसील बालोद

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पामेन्द्र सिंह धुर्वे पिता श्री मोहन लाल धुर्वे जाति गोड निवासी ग्राम चरोटा तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम चरोटा प.ह.न. 18 स्थित भूमि खसरा नं. 265/1 रकबा 0.1140 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.1140हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 19/11/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/25 को जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला-बालोद



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**//निविदा निरस्त करने हेतु संशोधन सूचना//**

इस कार्यालय की निविदा सिस्टम क्र. 249/177857 ज्ञाप क्रं. 7819/सा./2025 दुर्ग दिनांक 11.11.2025 जिसका जी क्रं.252604705 का अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876

जी-252604705/5



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग रायपुर, मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**
**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 262/178768 | CONSTRUCTION OF 4 ROW HUME PIPE CULVERT (1000 DIA) AT KM 8/10 ON KODWA-JANJGIRA-KONARI ROAD.(प्रथम आमंत्रण) | रू. 19.82 लाख |
| 245/178942 | S/R, MOW & DEPOSITE WORK AT CONSUMER FORUM SECTION UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO-2, RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |
| 264/178769 | PAINTING WORK AT GAD QUARTERS SECTOR - 29 (728 Nos.) NAVA RAIPUR, ATAL NAGAR (प्रथम आमंत्रण) | रू. 15.00 लाख |
| 151/178959 | PETTY BAZAR SUPPLY UNDER PWD NEW SUB DIVISION NAVA RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 19.99 लाख |
| 265/178770 | ROAD SAFETY AT VARIOUS ROADS IN SECTION-y UNDER SUB DIVISION, TILDA-NEORA) (I) CHICHOLI-RAIKHEDA-SONTARA-DEOGAON-KHAUNA ROAD CRASH BARRIER LENGTH 760.00 MTR. (II) KODWA-JANJGIRA-KONARI ROAD CRASH BARRIER LENGTH 226.00 MTR. (प्रथम आमंत्रण) | रू. 25.66 लाख |
| 266/179108 | S./R. WORK OF VARIOUS ROADS UNDER SILIYARI SECTION NO. 02 1) KHAUNA NILJA RAOD IN KM. 1/2 (135 M) AND 1/6 (150 M)= 285 M. 2) S/R. WORK OF VILLAGE TARESAR BASTI ON SILIYARI-TARESAR ROAD KM. 3/2 TO 3/4 (TOTAL LENGTH 5.00 KM.) 3) S/R. WORK OF TOR-TARRA ROAD IN KM. 1/8 AND 1/10 350 M. (प्रथम आमंत्रण) | रू. 48.76 |
| 267/179109 | SPECIAL REPAIR WORKS AT SERVICE ROAD OF ATAL EXPRESS WAY (FAFADIHI TO SADANI DARBAR MANA JUNCTION) RAIPUR (प्रथम आमंत्रण) | रू. 19.99 लाख |
| 268/179111 | CONSTRUCTION OF MODERN TRANSPORT LINCENCE CENTER AT PANDRI RAIPUR (CIVIL + ELECTRICAL WORK) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 129.46 लाख |

एन.आई.टी. क्र .151 सिस्टम टेन्डर नं. 178959 एवं एन.आई.टी. क्र.245 सिस्टम टेन्डर नं.178942 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.11.2025 समय सायं 5:30 बजे तक, एन.आई.टी. क्र.262 सिस्टम टेन्डर नं.178768, एन.आई.टी. स्र5.264 सिस्टम टेन्डर नं. 178769, एन.आई.टी. क्र.265 सिस्टम टेन्डर नं.178770, एन.आई.टी. क्र.266 सिस्टम टेन्डर नं. 179108, एन.आई.टी. क्र.267 सिस्टम टेन्डर नं. 179109 एवं एन.आई.टी. क्र.268 सिस्टम टेन्डर नं.179111 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.12.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी-252604700/7


## डिजिटल लाइफ सर्टिफिक्रेट के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन

# पेंशनरों की समस्याओं का किया गया समाधान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर।** डिजिटल लाइफ सर्टिफिक्रेट के सम्बन्ध में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर दीपक सोनी ने पेंशनरो की समस्या और सुझाव से अवगत हुए और निरकारण हेतु बैंक एवं पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये। कार्यशाला में मोबाइल एप्प के माध्यम से घर बैठे अपना जीवन प्रमाण पत्र तैयार करना और बैंक को सब्मिट करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। द्वए एप्प के उपयोग से पेंशनरो को जीवन प्रमाण पत्र के लिये बैंक या पोस्ट ऑफिस का चक्कर लगाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। पोस्ट ऑफिस एवं बैंक में पेंशनरो के लिये हेल्प डेस्क स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित जिला पेंशनर संघ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

## पराली जलाने से रोकने निगरानी दल गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 नवम्बर।** जिले में धान फसल की कटाई जारी है। कटाई उपरांत किसान पराली (पैरा) को खेतों में जला देते हैं जिससे वायु प्रदुषण बढ़ता है तथा मृदा उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।इससे मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते है एवं मिट्टी कठोर हो जाती है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग के अधिकारियो द्वारा धान कटाई उपरांत पैरा को कृषि यंत्रों एवं वेस्ट-डी कम्पोजर के माध्यम से उचित प्रबंधन हेतु रबी फसल के बुआई हेतु हैप्पी सीडर का उपयोग पराली को न जलाए बिना गेहूं जैसी अगली फसल की सीधी बुवाई करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बताया गया कि यह मशीन पराली को काटकर खेत में बिखेर देती है, जिससे मिट्टी की नमी बनी रहती है तथा खरपतवार भी कम होता है। इसी प्रकार बेलर मशीन का उपयोग धान कटाई उपरान्त बचे हुए पैरा को गोल या चौकोर बंडल बनाने में किया जाता है, जिससे पैरा बिना मजदूरों के कम खर्चे में इकठ्ठा किया जा सकता है जिसका उपयोग पशु चारे के रूप में किया जा सकता है। पैरा से खाद (कम्पोस्ट) बनाने हेतु कृषि विभाग के द्वारा बायो-डी कम्पोजर का वितरण कृषकों को मैदानी अधिकारियों के माध्यम से किया गया है। बायो डी-कम्पोजर के उपयोग से किसान भाई पैरा को कम्पोस्ट खाद में परिवर्तित कर सकते हैं जिसका उपयोग रबी फसलों में किया जा सकता है। पराली जलाने से रोकने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक ग्राम में पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सचिव एवं कोटवार का दल गठन किया गया है।

## एक नजर

### सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल जारी



**रायपुर, 13 नवम्बर।** पूरे प्रदेश में सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 12वें दिन भी जारी है। 3 नवंबर, 2025 से शुरू हुई इस हड़ताल के कारण आगामी धान खरीदी प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित होगी। जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं और कैबिनेट से आदेश जारी नहीं हो जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है, जिससे गतिरोध बना हुआ है। इस हड़ताल का सीधा असर 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी पर पड़ेगा। जिससे किसान प्रभावित हो सकते हैं। कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### महिलाओं को मिलेगा टैलेंट दिखाने का अवसर

**रायपुर, 13 नवम्बर।** भारत जल्द ही कारा मिस एंड मिसेज़ महाराष्ट्र 2025 के रूप में सुंदरता, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का भव्य उत्सव देखने जा रहा है। यह मंच सिर्फ सुंदरता ही नहीं, बल्कि महिलाओं की ताकत, व्यक्तित्व और प्रतिभा को भी सम्मान देता है। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन कारा ज़ोया प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर मिसेज़ ज़ोया सिराज़ शेख कर रही हैं। गरिमा और दृढ़ निश्चय की मिसाल, मिसेज़ ज़ोया शेख को 2022 में मिसेज़ महाराष्ट्र का ताज मिला था और उन्होंने मिसेज़ यूनिवर्स 2022-23 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। अब वह एक ऐसा मंच लेकर आई हैं जो महिलाओं के सपनों को साकार करने का मौका देगा।

### सूदखोर तोमर को करणी सेना का समर्थन

**रायपुर, 13 नवम्बर।** सूदखोरी, रंगदारी और अवैध हथियार रखने के मामले में गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र सिंह तोमर को रायपुर पुलिस ने 10 नवंबर को कोर्ट में पेश करने से पहले 9 नवंबर को उसका जुलूस निकाला था. करणी सेना को वीरेंद्र सिंह तोमर के साथ किया गया पुलिस का यह व्यवहार नगवार गुजरा है., करणी सेना अध्यक्ष डॉ राज शेखावत ने इसे अमानवीय बताते हुए इसके खिलाफ रायपुर में होने वाले प्रदर्शन के लिए समाज के युवाओं से जुटने का आह्वान किया है. करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में लाइव आकर करणी सेना के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर का पक्ष लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कुछ पुलिस अधिकारियों ने गलत किया है.

### इन्वेस्टिगेशन पर कार्यशाला आयोजित




**रायपुर, 13 नवम्बर।** पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम के निर्देशन एवं पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स रतनलाल डांगी के मार्गदर्शन में वर्कशॉप फॉर पुलिस ऑफिसर ऑन फायनेंसियल इन्वेस्टिगेशन (एनडीपीएस केसेस) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में किया गया। कार्यशाला में मुख्य विषय विशेषज्ञ के रूप में इन्कमटैक्स के इन्वेस्टिगेशन विंग, रायपुर में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर चंद्रशेखर मेहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के स्वागत उपरांत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अस्सिटेंट डायरेक्टर रविशंकर जोशी द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में आईजी नारकोटिक्स ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि मादक पदार्थ के प्रकरणों की इन्वेस्टिगेशन के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसके समस्त प्रकार के वित्तीय दस्तावेज जैसे पासबुक, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, पेन कार्ड आदि की जप्ती की जानी चाहिए।

### निवेश के लिए छत्तीसगढ़ आकर्षण का केंद्र: चिमनानी

**रायपुर, 13 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सीए अमित चिमनानी ने अहमदाबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में छत्तीसगढ़ को 33,321 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव और 15 हजार रोजगार मिलने को छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र के लिए स्वर्णिम उपलब्धि बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की सुविचारित और सुस्पष्ट उद्योग नीति ने छत्तीसगढ़ को निवेशकों के लिए सम्भावनाओं का एक व्यापक धरातल प्रदान किया है। चिमनानी ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खात्मे के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र में विकास की रफ्तार ने तेज गति पकड़ी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चिमनानी ने बुधवार को यहाँ एकात्म परिसर में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि अहमदाबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में निवेश के ये प्रस्ताव अनेक सेक्टर्स के लिए मिलना यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ अब चहुँमुखी विकास की दिशा में बढ़ने जा रहा है। थर्मल पावर, ग्रीन स्टील, फार्मा, मेडिकल फूड सप्लीमेंट, सोलर सेल और सेमिकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश होगा। इससे स्थानीय स्तर पर लगभग 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश की इच्छा जताने वालों में वाडीलाल ग्रुप भी है।



# धान खरीदी में सुगमता के लिए 'तुहर टोकन मोबाइल एप' प्रारंभ

## किसानों को मिलेगी घर बैठे टोकन सुविधा, समितियों में लंबी कतारों से मिलेगी मुक्ति

**रायपुर, 13 नवम्बर।** किसानों को धान विक्रय हेतु सुगम एवं बेहतर व्यवस्था प्रदाय किये जाने हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 'तुहर टोकन मोबाइल एप' प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान विक्रय हेतु टोकन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8.00 बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन हेतु आवेदन कर सकेंगे।

खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सीमांत कृषक (2 एकड़ या 2 एकड़ से कम भूमि) को अधिकतम 1 टोकन, लघु कृषक ( 2 से 10 एकड़ तक) को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक (10 एकड़ से अधिक) को अधिकतम 3 टोकन प्रदान किये जायेंगे।

नया टोकन बनाने हेतु समय-सीमा रविवार से शुक्रवार तक (प्रातः 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी 07 खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे। धान खरीदी केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा मोबाइल एप के माध्यम से टोकन हेतु आरक्षित रहेगा। इस 70 प्रतिशत में से लघु एवं सीमांत कृषक हेतु 80 प्रतिशत तथा दीर्घ कृषक हेतु 20 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है। उदाहरण स्वरूप यदि किसी उपार्जन केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा 1000 क्विंटल है, तो मोबाइल ऐप हेतु आरक्षित 700 क्विंटल में से 560 क्विंटल लघु एवं सीमांत कृषकों हेतु तथा 140 क्विंटल दीर्घ कृषकों हेतु आरक्षित रहेगा।




## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 13 नवम्बर। सीएम हाउस में लंबे समय के बाद जनदर्शन कार्यक्रम आज से पुनः शुरू हो गया। अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री को बताने लोगों की लंबी कतार लगी रही।**

# धान खरीदी को लेकर सरकार लापरवाह : भूपेश बघेल

**रायपुर, 13 नवंबर।** राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी की तिथि नजदीक आ गई है। सरकार की धरातल पर कोई तैयारी नहीं दिख रही है। सोसायटी के 15,000 कर्मचारी प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी हड़ताल पर है। इनके हड़ताल को एक हफ्ते होने जा रहा, सरकार द्वारा हड़ताल समाप्त करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा। इन कर्मचारियों की हड़ताल से खरीदी प्रभावित होगी। सोसायटी कर्मचारियों की मांग जायज है, कांग्रेस उनका समर्थन करती है। सोसायटी कर्मचारियों के माध्यम से ही धान खरीदी होगी, सरकार को उनकी समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि धान खरीदी समय पर शुरू हो सके।



राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की दिक्कतों के कारण पूरे किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है, खरीदी की तिथि तीन दिन बची है। अभी भी लगभग 7 लाख से अधिक किसान पंजीयन के लिए परेशान है। जिनका ऑनलाइन पंजीयन नहीं हुआ है, उनका सोसायटी में पंजीयन किया जाए, कोई भी किसान धान बेचने से वंचित न होने पाए यह सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि 25 लाख किसानों से धान खरीदेंगे। पिछले वर्ष लगभग 27 लाख किसानों ने धान बेचा था। यदि 10 प्रतिशत की भी वृद्धि होती है तो इस वर्ष लगभग 29 लाख 70 हजार किसानों का पंजीयन होना चाहिए। सरकार के लक्ष्य से ही समझ आ रहा है कि सरकार नहीं चाहती कि पूरे किसान धान बेचे इसीलिए पंजीयन में परेशानी पैदा की गई है। राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट पर सरकार का सूचना तंत्र पूरी तरह विफल रहा। गृह मंत्री चुनावी व्यस्तता में उलझे, जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से हो रही आंखें खराब : बैज

**रायपुर, 13 नवम्बर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर आम लोगों के जान के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण बीजापुर में आंख के ऑपरेशन के बाद 8 महिला एवं 1 पुरुष की आंख से दिखना बंद हो गया, जिसे ईलाज के लिये रायपुर रिफर किया गया है। दुर्ग में नसबंदी के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। स्वास्थ विभाग की लापरवाही के कारण हुई इस घटना के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल जिम्मेदार है। सरकार के द्वारा खरीदी दवाईया अमानक और नकली है जो जानलेवा साबित हो रही है। अभी हुई नशबंदी कांड और ऑखफोड़वा कांड ने पूर्व रमन सरकार के दौरान हुई घटना को ताजा कर दिया। भाजपा सरकार में ही इस प्रकार की घटनाएं होने की वजह भाजपा सरकार में दवाई खरीदी में कमीशन खोरी भ्रष्टाचार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी बस्तर के एक दर्जन से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी सरकार की लापरवाही से गयी थी। स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही के चलते नसबंदी और ऑखफोड़वा कांड के पहले नकली दवाई एवं ईलाज में लापरवाही के कारण मौत हो चुकी है फिर स्वास्थ मंत्री जागे नही है। गैर जिम्मेदार स्वास्थ मंत्री के कारण सरकारी अस्पताल मौत का कारण बन रहे है। सरकारी अस्पताल की विश्वसनीयता संकट में है। गरीब आदमी इलाज कहाँ कराये? निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना से पूरा इलाज नहीं हो रहा है।



# तेलघानी नाका की ओर शाम को नहीं आ पाएंगे भारी वाहन

## जाम की समस्या के समाधान के लिए किया फैसला

**रायपुर, 13 नवम्बर।** शहर के व्यस्त तेलघानी नाका, स्टेशन रोड, भैंसथान और आसपास के क्षेत्रों में पीक आवर्स के दौरान लगने वाले जाम की समस्या को दूर करने के लिए यातायात पुलिस रायपुर ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद के निर्देश पर यह बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) डॉ. प्रशांत शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक यातायात गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर, नगर निगम के एसडीओ (प्रहरी अतिक्रमण) अमित सरकार सहित लगभग 40 व्यापारी व गोदाम-ट्रांसपोर्ट संचालक उपस्थित रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि शाम के समय जब शासकीय कार्यालय बंद होते हैं और लोग रेलवे स्टेशन की ओर जाते हैं, उसी समय मालवाहक वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।



इस पर व्यापारियों ने समस्या के समाधान के लिए कई सुझाव दिए, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं: गोदामों को रायपुर शहर से बाहर किसी एक स्थान पर विस्थापित करने का प्रस्ताव। अग्रसेन चौक के सिग्नल को बंद करने की मांग, जिससे ट्रैफिक जाम कम हो सके। रांग साइड से आने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग। तेलघानी नाका अंडरब्रिज को वन वे (केवल जाने हेतु) तथा ओवरब्रिज को केवल आने हेतु उपयोग में लाने का सुझाव। तेलघानी नाका चौक पर यातायात पुलिस की नियमित ड्यूटी लगाने की मांग के साथ ही चौक के पास स्थित शराब भट्ठी व अगरू होटल को स्थानांतरित करने का सुझाव दिया गया। भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश केवल रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक करने का प्रस्ताव दिया गया। हल्के मालवाहक वाहनों पर शाम 5 से रात 8 बजे तक प्रतिबंध लगाने की सहमति बनी।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र ने सौंपी एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**रायपुर, 13 नवम्बर।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल को एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा केंद्र शासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार हेतु गठित संयुक्त समिति का सदस्य के रूप में श्री बृजमोहन अग्रवाल की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति न केवल श्री अग्रवाल की सक्रिय संसदीय भागीदारी और नीतिगत समझ का सम्मान है, बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय भी है। यह समिति देश के संविधान एवं प्रशासनिक ढांचे से जुड़े इन तीनों अहम विधेयकों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस जिम्मेदारी के लिए केंद्र नेतृत्व और लोकसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व मेरे लिए गर्व का विषय है। देश की एकता, अखंडता और सुशासन को और सशक्त करने की दिशा में मैं पूर्ण समर्पण से कार्य करूंगा। छत्तीसगढ़ के राजनीतिक और सामाजिक वर्गों ने इस नियुक्ति को प्रदेश के बढ़ते राष्ट्रीय महत्व का प्रतीक बताया है।



## राजधानी में काली धूल की बारिश

**रायपुर, 13 नवम्बर।** ठंड बढ़ते ही राजधानी में काली धूल की बारिश होने लगी है। उद्योगों की चिमनियों से धुएं के रूप में निकलने वाली ये काली धूल सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक है। दरअसल कई उद्योगों में कार्बन सोखने वाला यंत्र ईएसपी नहीं लगाया ही गया है। जिन उद्योगों में लगाया हैं उन कारखानों के संचालक बिजली बिल बचाने रात में यंत्र को बंद कर देते हैं। इसके कारण रात में कारखानों की चिमनियां भारी मात्रा में धुआं व धूल उगलती हैं। धूल पूरे शहर में छा जाती है। वायुमंडल में धूल की एक परत बन जाती है। यह आंखों से दिखाई नहीं देती है। इसके आति सूक्ष्म कण सांसों के जरिए फेफड़े में पहुंचते है। यही कारण है कि इस मौसम में सर्दी-खांसी, एलर्जी व दमा के मरीज बढ़ जाते है मकान की छतों में काली धूल की परत जम जाती है। और तो और ये धूल मकान के अंदर भी प्रवेश कर रहीं है। खाली पैर चलने पर तलवे काले हो जाते हैं। छत पर कपड़ों में धूल जम रही है। सफेद कपड़ों पर काले निशान नजर आ रहे है। महिलाओं को पापड-बड़ी सुखाना मुश्किल हो रहा है। इतना ही नहीं पेड़ पौधों पर प्रदूषण का विपरीत असर पड़ रहा है। ठंड के मौसम में काली धूल का प्रकोप बढ़ जाता है। इसके कारण चर्म रोग, बाल झड़ने व बाल जल्द सफेद होने के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यह समस्या आज की नहीं है। वर्षो से फैक्ट्री वाले धुआं उड़ा रहे हैं। चेतावनी के बाद भी इनका रवैया जस का तस है। संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी समय-समय पर न तो जांच करते हैं और न ही कार्रवाई की जाती है। नजर नहीं आने वाले इस वायुमंडलीय प्रदूषण का निशाना पूरी राजधानी बन रही है। खतरनाक व जानलेवा धुआं छोड़ने वाले ऐसे उद्योगों की पहचान कर कार्रवाई की जानी चाहिए। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का अधिकार आखिर इन्हें किसने दे दिया है।

# एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 3 महीने बढ़ाने की मांग

**रायपुर, 13 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य इन दिनों पूरे राज्य में तेज़ी से चल रहा है। 4 नवंबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं तक गणना और घोषणा प्रपत्र पहुंचा रहे हैं। इसी बीच राजधानी रायपुर स्थित मुख्य निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल पहुंचा और एसआईआर प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाने की मांग रखी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात करने पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, विधायक राघवेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्क्रूक निगरानी समिति के संयोजक मोहन मरकाम ने कहा कि पार्टी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से तीन महीने तक एसआईआर की अवधि बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में खेती-किसानी का मौसम चल रहा है, ऐसे में अधिकांश किसान अपने खेतों में व्यस्त हैं और गांवों से बाहर रह रहे हैं। इस कारण एसआईआर को ग्रामीणों तक पहुंचने और प्रपत्र भरवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोहन मरकाम ने कहा, ÷हमने निवेदन किया है कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से न कटे, क्योंकि अगर नाम छूट गया तो उसे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए फिलहाल एक महीने का समय बढ़ाने पर और इस मुद्दे पर जल्द ही केंद्रीय चुनाव आयोग से चर्चा करने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस का कहना है कि यदि समय सीमा नहीं बढ़ाई गई, तो बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम सूची से छूट सकते हैं, जिससे न केवल चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होगी बल्कि कई सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### कांग्रेस ने आयोग को सौंपा ज्ञापन



### जमीन को औने-पौने दाम में बेचने दबाव

**रायपुर, 13 नवंबर।** गुरुचरण सिंह होरा पीड़ित संघ, सुंदरनगर ने होरा पर जमीन बेचने लोगों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आज एक पत्रवार्ता में पीड़ित भास्कर शर्मा, शेखर साहू, करूणा शर्मा, निधलेश धीवर, हेमराज अग्रवाल व विवेक शर्मा ने बताया कि आईएएस अनिल टुटेजा के संरक्षण में होरा अपने भांजों को भेजकर हमारी जमीन को अपना बताकर बोर्ड लगवा रहा है। गुंडों से पथराव करा रहा है। हमारी जमीन को औने पौने दाम पर बेचने हम पर दबाव बना रहा है। मृत चमारिन बाई सोनकर को जीवित बताकर फर्जी रजिस्ट्री करा ली। पीड़ितों ने होरा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए 16 नवंबर को आजाद चौक में धरना देने की बात कही है। इस मामले में होरा का कहना है कि पुलिस की जांच जारी है। प्रकरण न्यायालय में है जो भी फैसला आएगा मान्य होगा। पूर्व में भी ऐसी शिकायत की गई थी। जिन्हें आरोपी बनाया गया था वे सभी बरी हो गए हैं। इस पूरे मामले में पर्दे के पीछे हरिवल्लभ अग्रवाल है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का काम जोरों पर

**रायपुर, 13 नवम्बर।** बरसात की समाप्ति के बाद राज्यभर में राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का काम जोरों पर है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सभी सड़कों की मरम्मत का काम दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रगतिरत मरम्मत, नई सड़कों और नवीन परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों से कहा कि बरसात के बाद अभी सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों को गति देने का अच्छा समय है। इसका सदुपयोग करते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं और उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के दौरान ठेकेदारों से एसटीएमसी के सभी कम्पोनेन्ट्स के काम कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत के काम प्रारंभ हो चुके हैं, वे रूकने नहीं चाहिए। कार्यों को तेज गति से करते हुए दिसम्बर माह तक हर हाल में पूर्ण कराएं।



**प्रवचन** | खमतराई में श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का आयोजन

# हिरण्याक्ष लोभ की संग्रह वृत्ति का प्रतीक : इन्दुभवानन्द

**रायपुर, 13 नवम्बर।** खमतराई रायपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा को विस्तार देते हुए शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख डॉ स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने बताया कि हिरण्याक्ष लोभ की संग्रह वृत्ति का प्रतीक है। श्रीमद् भागवत में हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु की कथा लोभ की वृत्ति के रूप में प्रस्तुत की गई है। हिरण्य अर्थात् सोना अक्ष अर्थात् आंख जिसकी सोने में नजर लगी हो, संग्रह में जिसकी प्रवृत्ति हो संग्रह को ही जो प्रमुख समझे वह हिरण्याक्ष। और हिरण्य अर्थात सोना ÷कशिपु÷ अर्थात शैया जो सोने की शैया पर शयन करें, अर्थात भोग ही भोग करें वह हिरण्यकशिपु। लोभ की दो वृत्तियां होती हैं एक भोगवृत्ति और एक संग्रहवृत्ति।भोग वृत्ति वाला व्यक्ति सोने की शैयापर शयन करता है, भोग विलास करता है। वह हिरण्यकशिपु कहलाता है। संग्रहवृत्ति वाला दूसरों के धन पर आंख लगाए रहता है, उसे लूटपाट कर लाकर अपने घर में भरता है वह स्वयं भोग विलास नहीं करता है वह संग्रह वृद्धि का प्रतीक हिरण्याक्ष कहलाता है। हिरण्याक्ष दिग्विजय कर धन लाकर राजप्रासाद में भरता था उसका बड़ा भाई हिरण्यकशिपु छककर भोग विलास करता था। लोभ की कोई सीमा नहीं होती है वह प्रतिदिन बढ़ता ही रहता है इसलिए हमारे शास्त्र में लिखा है जिमि प्रति लाभ लोभ अधिकाई । लोभ का विस्तार स्वर्ग तक ही नहीं अपितु ब्रह्म लोग तक माना जाता है सूर्य चंद्र भी उसके नीचे रहते हैं इस प्रकार हिरण्यकशिपु है लोभ की भोग वृत्ति का प्रतीक और हिरण्याक्ष है लोभ की संग्रह वृत्ति का प्रतीक। हिरण्याक्ष हिरण्यकशिपु का शरीर फौलादी था वज्र जैसा था लोभ भी फौलादी होता है न काटे कटता है और ना मारे जल्दी मरता है लोभ मरते दम तक प्राणी का पीछा नहीं छोड़ता है।



आगे कथा के विस्तार में महाराज ने बताया कि दक्ष की पुत्री दिति ने धर्म मर्यादा का विचार किए बिना कश्यपजी से संतान प्राप्ति की इच्छा की। कश्यप जी ने समझाया कि प्रत्येक पुरुष का धर्म है कि अपनी स्त्री की इच्छा को पूर्ण करें क्योंकि स्त्री के द्वारा ही उसको धर्म अर्थ काम की सिद्धि प्राप्त होती है। पत्नी के सहारे ही मनुष्य दुःख से पार हो जाता है। पति के धर्म संपादन में पत्नी बहुत सहायक होती है पत्नी शरीर का आधा अंग मानी जाती है अतः प्रत्येक पुरुष का धर्म होता है कि वह अपनी पत्नी की इच्छा पूर्ण करें किंतु देश, काल एवं समय का विचार करना चाहिए अन्यथा अधार्मिक, अशिष्ट संतान उत्पन्न होती है।

कथा के पूर्व यजमान सुदर्शन साहू दुल्ली बाई, गज्जू साहू, गोदावरी साहू मान बाई साहू निरंजन साहू, मेनका साहू तथा परिवार की अन्य सदस्यों ने भागवत भगवान की पोथी की आरती की तथा व्यास पूजन किया।

**एजेंसी देनी है**

**'दैनिक तरुण छत्तीसगढ़' की प्रदेश के अप्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में एजेंसी देनी है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक शीघ्र संपर्क करें।**

**संपर्कः- 7999952703, 9826194896**

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26